वर्ष-07, अंक - 149 | दिनांक 14 नवंबर 2023 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2021-23

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो


# मोदी की गारंटी भाजपा का भरोसा

## मध्य प्रदेश संकल्प पत्र



- 5 सालों तक गरीबों को मिलता रहेगा मुफ्त राशन
- किसानों से ₹2700 प्रति क्विंटल पर गेहूं और ₹3100 रुपए प्रति क्विंटल पर धान की होगी खरीद
- उज्ज्वला और लाड़ली बहनों को ₹450 में मिलेगा गैस सिलेंडर
- मध्यप्रदेश का कोई भी परिवार बेघर नहीं रहेगा प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ ही मुख्यमंत्री जन आवास योजना शुरू करेंगे
- लाड़ली बहनों को आर्थिक सहायता के साथ मिलेगा पक्का मकान
- प्रत्येक परिवार में कम से कम एक सदस्य को रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर
- 15 लाख ग्रामीण महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण द्वारा लखपति बनाएंगे
- लाड़ली लक्ष्मियों को जन्म से 21 वर्ष तक कुल ₹2 लाख देंगे
- गरीब परिवार की छात्राओं को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा देंगे
- जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण के लिए ₹3 लाख करोड़
- तेंदूपत्ता संग्रहण दर करेंगे ₹4,000 प्रति बोरा
- गरीब परिवार के सभी छात्रों को 12वीं कक्षा तक मुफ्त शिक्षा
- सरकारी स्कूल में मिड-डे मील के साथ मिलेगा पौष्टिक नाश्ता
- IIT और AIIMS के तर्ज पर खुलेगा मध्य प्रदेश इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी और मध्य प्रदेश इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस
- 13 सांस्कृतिक लोकों का होगा भव्य निर्माण
- 6 नए एक्सप्रेस वे का निर्माण- विंध्य एक्सप्रेस वे, नर्मदा, अटल प्रगति, मालवा निमाड़, बुंदेलखंड एवं मध्य भारत विकास पथ
- 80 रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के साथ वंदे मेट्रो, वंदे भारत स्लीपर ट्रेन और रीवा, सिंगरौली और शहडोल में बनेंगे हवाई अड्डे
- एसटी ब्लॉक में एकलव्य विद्यालय और एसटी बहुल जिलों में खुलेगा मेडिकल कॉलेज
- ₹20,000 करोड़ के निवेश से स्वास्थ्य व्यवस्था बनेगी हाई-टेक, हॉस्पिटल और आईसीयू में बिस्तरों की संख्या होगी दोगुनी



प्रकाशक- एमपी बीजेपी, प्रदेश कार्यालय

कमल का बटन दबाएं भाजपा को जिताएं

भाजपा का संकल्प पत्र डाउनलोड करने के लिए QR कोड स्कैन करें

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी से WhatsApp के जरिए सीधे जुड़ने के लिए QR कोड स्कैन करें

## इलेक्शन डायरी

■ राजेश सिरोठिया

### ■ सर्वे के नहीं सर्वेसर्वा के टिकट

मध्यप्रदेश में चुनावी प्रचार अंतिम पड़ाव पर पहुंचा है और मतदान की तारीख बिल्कुल निकट आ पहुंची है। लेकिन चाहे कांग्रेस हो या भाजपा दोनों ही दलों में टिकटों की आस लगाकर बैठे नेताओं की टीस खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। दोनों ही प्रमुख दलों में सर्वे के आधार पर बांटे गए टिकटों को लेकर टिकट वंचितों के मन में घर कर चुकी शंका यही इशारा करती है कि टिकट सर्वे के आधार पर कम सर्वेसर्वाओं की पसंद के आधार पर ज्यादा बांटे गए हैं। मसलन कांग्रेस की बात करें तो सबसे ज्यादा टिकट दिग्विजय सिंह की पसंद वाले हैं तो कमलनाथ भी अपनों को नवाजने में पीछे नहीं रहे हैं। 230 टिकटों में से जहां दो सौ के करीब टिकट इन दोनों दिग्गजों ने अपने खाते में डाले हैं तो सूबे के कांग्रेसी क्षत्रपों के हाथ खुरचन ही लगी है। राहुल गांधी की पसंद के पांच टिकट भी इसी में शुमार हैं। कांग्रेस की देखादेखी 94 प्रत्याशियों की आखिरी सूची में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी जमकर बल्लेबाजी कर डाली। उनकी पसंद के टिकट पाने वाले प्रत्याशियों का आंकड़ा सौ के आसपास जा पहुंचा है। इन नेताओं के राजनीतिक चातुर्य को देखकर दोनों ही प्रमुख दलों के हाईकमान हतप्रभ हैं। उन्हें सूझ ही नहीं रहा कि चुनाव बाद इनकी चुनौतियों का सामना वे कैसे करेंगे?



### ■ दांव पर अमित शाह की इज्जत

मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव में तीन केंद्रीय मंत्री तथा एक राष्ट्रीय महासचिव के साथ चार सांसदों को विधायक के बतौर मैदान में उतारने के फैसले को लेकर केंद्रीय मंत्री अमित शाह की इज्जत दांव पर लग गई है। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और प्रहलाद पटैल के साथ राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय तो अपना चुनाव निकाल लेंगे। लेकिन मंडला जिले की निवास सीट पर केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते और मंडला की शहरी सीट पर राज्यसभा सांसद संपतिया उईके को दिक्कत आ रही है। सीधी में रीति पाठक वरिष्ठ भाजपा विधायक केदार शुक्ला की बगावत के भंवर में फंस गई हैं तो गाडरवाड़ा में ब्राह्मण और कौरव समाज बाहुल्य इलाके में होशंगाबाद के सांसद राव उदय प्रताप सिंह को पसीना आ रहा है। भाजपा टिकट के दावेदार कौरव समाज के एक मजबूत दावेदार खुले आम कांग्रेस विधायक सुनीता पटैल का समर्थन करके जातीय धर्म निभा रहे हैं तो भाजपा का एक धड़ा यह सवाल भी कर रहा है कि जब चुनाव लड़ाना ही नहीं था तो कांग्रेस विधायक रहीं साधना स्थापक को भाजपा ने अपने दल में शामिल ही क्यों कराया था। साधना स्थापक गाडरवाड़ा की स्थापित ब्राह्मण नेता मानी जाती हैं। सबसे ज्यादा फजीहत तो प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष रहे जबलपुर पश्चिम के प्रत्याशी राकेश सिंह की हो रही है। 2004 से जबलपुर के सांसद बन रहे राकेश सिंह 2014 और 2019 में मोदी लहर पर सवार होकर संसद में पहुंच गए लेकिन विधानसभा चुनाव में उनकी सांसद के बतौर अकर्मण्यता भारी पड़ रही है। राकेश सिंह लोगों को समझा रहे हैं कि संसद में व्यस्तता के चलते भले ही लोगों से संपर्क कम रहा लेकिन विधायक बना दो तो वह शिकायत का मौका कतई नहीं देंगे। देखना दिलचस्प होगा कि सीधे दिल्ली से उतारे गए कितने सांसद अपने नेता अमित शाह की कसौटी पर खरा उतरते हैं।



### ■ फ्रेंचाइजी के पास मेंटर है पर स्टार खिलाड़ी नहीं

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश कांग्रेस की कमान संभाले दोनों की प्रमुख नेताओं यानि कमलनाथ और दिग्विजय सिंह पूरे चुनाव के दौरान जमकर चुटकी लेते रहे। कभी उन्हें जय वीरू की जोड़ी के तमगे से नवाजा तो कभी कहा कि इन दोनों नेताओं के लिए यह चुनाव अपने पुत्रों को स्थापित करने का चुनाव है। यह बात अलग है कि दिग्विजय सिंह का बेटा जयवर्धन सिंह तो पहले ही स्थापित हो चुका है। लेकिन शिवराज तंज कसते हैं कि कमलनाथ ने मप्र कांग्रेस की फ्रें चाइज अपने बेटे नकुलनाथ को स्थापित करने के लिए ले रखी है लेकिन बेटे ने सांसद रहते हुए छिंदवाड़ा में कांग्रेस प्रत्याशियों के टिकटो का ऐलान किया। यही नहीं मतदान होने के पहले ही अपने पिता कमलनाथ की 7 दिसंबर को मुख्यमंत्री के बतौर शपथ का ऐलान करके जता दिया कि सियासी ट्रेक पर उनकी गति कितनी तेज है। वैसे शिवराज की बातों और दावों पर यकीन करके देखा जाए कि मप्र कांग्रेस की फ्रेंचाईज कमलनाथ ने मई 2018 से ले रखी है और उनके परम सहयोगी दिग्गीराजा को कांग्रेस टीम का मेंटर भी मान लिया जाए तो इस बार उनकी टीम में मैदान में खेलने और वोट जुाने वाला स्टार खिलाड़ी नहीं है जबकि पिछले चुनाव में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने काफी हद तक यह भूमिका निभाई थी।



### ■ झूमरवाले साहू को मिला नर्मदा परिक्रमा का फल

भोपाल की गोविंदपुरा सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बाबूलाल गौर की पुत्र वधु कृष्णा गौर के सामने कांग्रेस टिकट पर लड़ रहे रवींद्र साहू झूमरवाला को दिग्विजय सिंह की मेहरबानी से ही टिकट मिला है। झूमरवाला के टिकट का आधार 2018 में दिग्विजय सिंह की नर्मदा पदयात्रा में हमसफर बने थे। गौरतलब है कि पिछले चुनाव में दिग्गीराजा ने उनके साथ नर्मदा परिक्रमा में हमकदम बने गोवर्धन दांगी को कांग्रेस का टिकट दिलवाया था। वो भी अपने दो कट्टर समर्थक रामचंद्र दांगी और पुरूषोत्तम दांगी की दावेदारी की अनदेखी करते गोवर्धन दांगी ने न सिर्फ टिकट पाया बल्कि वह जीते भी। यह बात और है कि कोरोना की चपेट में आने के बाद गोवर्धन असामयिक मृत्यु का शिकार होने के चलते अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सके और बाद में उपचुनाव में पुरूषोत्तम दांगी विधायक बन गए। बहरहाल इस बार दिग्गी राजा ने रवींद्र साहू झूमरवाला को टिकट दिलाया है तो उन्हें जिताने की जिम्मेदारी भी उनके सिर पर है। इसी के चलते चुनावी प्रचार के आखिरी दौर में दिग्विजय सिंह को गोविंदपुरा में साहू के पक्ष में माहौल बनाने के लिए मैदान में उतरना पड़ा है।



# कोशिशों और काविशों के बीच सफर दर सफर

**चुनाव 2023**

**चेहरा एक अदद**

▮आशीष दुबे

*'ये तो चेहरे का फक़त अक्स है, तस्वीर नहीं..इस पर कुछ रंग अभी और चढ़ाते रहिए'*

**मप्र के विधानसभा चुनाव में रोज उभरने वाले कुछ खास व गाढ़े चित्रों के पीछे ऐसे सियासी चित्रकारों की कूची भी काम करती है, जो चित्रों के रंगों को चटख बनाती है। सत्ता में जमी भाजपा हो या सत्ता पाने को बेताब कांग्रेस, दोनों शिविरों में चुनिंदा ऐसे चेहरे हैं, जो सोते-जागते चुनावी कैनवास में रंग उड़ेल रहे हैं। कुछ मैदान में नजर आते हैं, कुछ वॉर रूम में। चेहरे के पीछे चेहरा तलाशने की कोशिश में आज भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रदेशाध्यक्ष *वीडी शर्मा..***

सत्तारूढ दल का मुखिया होना कितना अहम है और उसका *आस्वाद* क्या होता यह है, यह बात वीडी शर्मा भलीभांति महसूस कर चुके हैं लेकिन दल को वापस सत्तारूढ बनाने की चुनौतियों का *टेस्ट* वे अब चख रहे हैं। इस चुनौतियों की कई ज्ञात और अज्ञात वजहें हैं, जिन्हें समझने के लिये भाजपा पूरी ऊर्जा व संसाधन झोंक रही है। हालांकि वीडी के लिये राहत भी हो सकती है कि भाजपा हाइकमान ने खुद तमाम परिस्थितियों को देखते हुए केंद्रीय मंत्रियों का दस्ता तीन महीने से मैदान में उतार रखा है। इसके साथ ही आधा दर्जन चेहरों का *रसायन* तैयार करके भाजपा का एक मुकम्मल चेहरा बनाने का प्रयास किया है, इस रसयान को सामूहिक नेतृत्व ब्रांड-नेम भी दिया गया है। इसके ऊपर सबसे बड़ी गारंटी और चेहरा बतौर नरेंद्र मोदी भी हैं। जहां कि विष्णुदत्त शर्मा यानि वीडी का सवाल है तो वे बीते पांच सात साल से भाजपा के भीतर संभावनाओं के तौर पर तैर रहे हैं। कहा जा सकता है कि वे भाजपा में आज जिस मुकाम पर हैं, वह सफर किसी विभागीय पदोन्नति जैसा है, प्रचारक, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से लेकर नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के बाद सांसद, प्रदेश अध्यक्ष..। सफर का एक दौर ऐसा भी था, जब वीडी खामोश हो गये थे, मगर अब वे मुखर हैं, उनके निशाने पर कांग्रेस, कमलनाथ और दिग्विजय सिंह पूरे तीखेपन के साथ उभरते हैं, कभी छात्र नेता वाले दिनों में भी वे धाराप्रवाह बोलते थे।

बहरहाल, राजनीतिक सफर के सबसे घुमावदार मोड पर वीडी अब पहुंचे हैं। पांच साल पहले उभरे चुनावी नतीजे के बरक्स इस चुनाव में भीतरी तौर पर जारी टकराव, दुरभिसंधियां सब कुछ हैं। ऐसा भी नहीं है कि वीडी के साथ अफवाहें या विवाद नत्थी नहीं हुए, मगर किसी भी सियासतदां की तरह उन्होंने इसका सामना अब तक तो किया है तथा अभाविप के दौर की तरह अपनी टीम भी खड़ी करने का प्रयास भी किया है, चाहे वह संगठन में हो या सत्ता में। संयोग यह है कि यह प्रयास भाजपा के भीतर चल रहे पीढ़ी परिवर्तन की कोशिशों से भी एकाकार हो गये हैं। मगर हाल में पीएम मोदी का वीडी की पीठ थपथपाना बड़ी व चर्चित घटना के तौर पर देखा गया है, दरअसल कुछ साल पहले उप्र में मोदी ने चुनाव के वक्त योगी आदित्यनाथ के कंधे पर हाथ रखा था, तब वह तस्वीर काफी चर्चित रही थी और उसके फलितार्थ भी सामने आये थे।

मप्र में भी भाजपा एक नये दौरे में दाखिल हो चुकी है, सत्ता की लड़ाई के अंजाम चाहे जैसे सामने आएं, लेकिन भाजपा के भीतर बदलाव की जो कोशिश करीब सालभर पहले नगरीय निकाय के चुनाव के वक्त से शुरू हुई थी, वह लोकसभा चुनाव तक तेजी से चलेगी, यह तय है, ऐसे में भाजपा के भीतर से कुछ और वीडी सामने आएंगे, शर्मा भी उसी तरह चल रहे हैं जैसे- *चलता रहूँगा पथ पर, चलने में माहिर बन जाऊँगा, या तो नई मंजिल मिल जायेगी या अच्छा मुसाफिर बन जाऊँगा।*



## कल शाम को बंद हो जाएगा चुनाव प्रचार का शोर

# चुनावी प्रचार के आखिरी दौर में भाजपा व कांग्रेस ने झोंका पूरा जोर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

चुनाव के प्रचार के लिये मिले आखिरी दो दिनों में दलों व उम्मीदवारों ने तमाम संसाधन अपने प्रचार में झोंक रखे हैं, कार्यकर्ता बैंनर पोस्टर व लाउडस्पीकर के बीच आखिरी छत्तीस घंटे में हर व्यक्तितक पहुंचने की जद्दोजहद जारी है। इस बीच कांग्रेस व भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के खास चेहरे भी मप्र में सक्रिय हैं, कल रात राहुल गांधी ने भोपाल में रोड शो करके कांग्रेस के स्थानीय उम्मीदवारों को नया जोश दे दिया है तो अमित शाह ने भी कई ताबड़तोड सभा की हैं, आज भी प्रधानमंत्री मोदी तीन सभा कर रहे हैं। शिवराज व कमलनाथ की भी कई सभायें हो रही हैं।



**डेट सौ से कम नहीं....:** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भोपाल में भी भीड वाले एक रोड-शो का नेतृत्व किया इसमें उनके साथ रथ पर कांग्रेस केउम्मीदवार पीसी शर्मा, आरिफ मसूद व आतिफ अकील भी मौजूद रहे । राहुल ने इमामी गेट से काली मंदिर तक यह शो किया। बाद में नरेला क्षेत्र के अशोका गार्डन में जनसभा में उन्होंने कहा कि बीजेपी की सरकार जहां भी होती है, वहां दो-तीन काम करते हैं। सबसे पहले पूरा का पूरा फायदा दो-तीन ब? उद्योगपतियों को देते हैं। पैसा जनता की जेब से आता है, जीएसटी से आता है।मगर वह अडानी की जेब में जाता है। राहुल ने जनता से मप्र में डेढ सौ सीट पर जीत की गारंटी भी मांगी और कहा कि वे कांग्रेस के वादे के मुताबिक सस्ता सिलेंडर, सस्ती बिजली, समर्थन मूल्य, कर्जमाफी के साथ ही यह भी तय कराएंगे कि जनता की जेब से जो पैसा भाजपा ने निकाला है वह जनता की जेब में वापस जाए।

### बेमिसाल से बेस्ट की ओर.. शाह का दावा

अमित शाह ने कहा है कि भाजपा की सरकार ने मप्र में18 सालों में इस बीमारू राज्य को बेमिसाल प्रदेश बनाया। आप मोदी पर भरोसा कीजिए, भाजपा को आशीर्वाद दीजिए और हम बेमिसाल मध्यप्रदेश को बेस्ट प्रदेश बनाएंगे।शाह ने विदिशा के सिरोंज में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस चुनाव में एक तरफ कमलनाथ हैं, जिनको नकुलनाथ को मुख्यमंत्री बनाना है। दूसरी तरफ दिग्विजय सिंह हैं, जिनको अपने बेटे जयवर्धन सिंह को मुख्यमंत्री बनाना है। केंद्र में सोनिया चाहती है कि राहुल प्रधानमंत्री बनें। कांग्रेस के लोग पांच गारंटी लेकर आए हैं। लेकिन उनकी ही कोई गारंटी नहीं है।



### आज दौरे पर भाजपा के कई सीएम





विधानसभा चुनाव प्रचार के लिये आज केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह रतलाम व हरदा, नितिन गडकरी छिंदवाड़ा व बालाघाट, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मंदसौर, रतलाम, उज्जैन, रायसेन, विदिशा एवं भोपाल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रीवा, छतरपुर, भिण्ड और ग्वालियर, नरेन्द्र सिंह तोमर मुरैना, श्योपुर व ग्वालियर, ज्योतिरादित्य सिंधिया भिण्ड, शिवपुरी, गुना व अशोकनगर, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य छतरपुर, निवाडी, शिवपुरी, ग्वालियर, नंदगोपाल नंदी सतना, और मनोज तिवारी सिंगरौली में प्रचार कर रहे हैं।

### ज्यूडिशियल जांच कब: कांग्रेस

कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के पुत्र के कथित वीडियो पर हमला जारी रखा है। प्रवक्ता रागिनी नायक ने कहा कि 50 प्रतिशत कमीशन और शिवराज सिंह चौहान तो एक-दूसरे के पर्याय बन ही चुके हैं। अब, नरेन्द्र सिंह तोमर के बेटे देवेन्द्र तोमर के लगातार वायरल हो रहे वीडियो प्रत्यक्ष प्रमाण दे रहे हैं कि 50 प्रतिशत कमीशन के साथ-साथ 'काला-धन' भी भाजपा नेताओं का पर्याय बन चुका है। नायक ने कहा कि इन मामलों की न्यायिक जांच आखिर कब कराई जाएगी? जनता के खून-पसीने की कमाई उनकी जेब और उनका पेट काट के भाजपा नेता और उनके बेटे कथित तौर पर अपने खातों में डलवाने का काम कर रहे हैं।



### नाथ बोले-डबल स्पीड से चल रही घोषणा मशीन

मप्र कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने पिपरिया में कांग्रेस की सभा संबोधित करते हुये कहा कि हमारी सरकार आने पर हम गेहूं के लिए 2600 रूपये समर्थन मूल्य देंगे और धान के लिए 2500 रूपये। हमारा मानना है कि किसानों की आर्थिक मजबूती हो। नाथ ने 17 तारीख को होने वाली मतदान में आपको तय करना है कि कैसा प्रदेश आपको चाहिए है। भाजपा ने आज प्रदेश को चौपट प्रदेश बनाकर रख दिया है। आज शिवराज सिंह चौहान की घोषणा मशीन डबल स्पीड से चल रही है। नाथ ने सीहोर व रतलाम की सभा भी संबोधित कीं।



### राजधानी का चुनाव प्रचार



भगवान दास सबनानी



मनोज शुक्ला



विश्वास सारंग

*flashback*

# पंडित रविशंकर शुक्ल तीन बार बने मुख्यमंत्री, चुनाव सिर्फ एक बार ही लड़ा!

**पिता पुत्र की जोड़ी का मप्र का मुख्यमंत्री पद संभालने का अनोखा रिकार्ड**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियां लगभग पूरी हो गई है। गौरतलब है कि 17 नवंबर को राज्य का 15वां विधानसभा चुनाव होगा। मप्र का इतिहास काफी मजेदार और रोमांचक है। प्रदेश के 73 साल के इतिहास में 15 विधानसभा चुनाव हुए, इस दौरान 18 मुख्यमंत्री ही हुए है। इनमें सबसे खास नाम है पंडित रविशंकर शुक्ल, जो तीन बार अलग अलग परिस्थिति में मध्य भारत बरार, मध्य भारत और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री बने, लेकिन उन्होंने चुनाव सिर्फ एक बार ही लड़ा, इसमें भी वे 10686 मतों से जीतने में सफल रहे। उनके बाद उनके पुत्र श्यामाचरण शुक्ल भी मप्र में तीन बार अलग अलग समय पर मुख्यमंत्री बने। यह मप्र के इतिहास में पहला मौका रहा, जब किसी पिता पुत्र की जोड़ी ने मप्र के मुख्यमंत्री पद पर रही है।

**पहले मुख्यमंत्री हैं, जिनका पद पर रहते निधन :** 31 मार्च 1952 में पहली विधानसभा के चुनाव हुए। उन्होंने सरायपाली सीट से किसान मजदूर प्रजा पार्टी के जगदीश कानूगो को 10686 मतों से पराजित किया था। इस चुनाव में कांग्रेस भारी मतों से चुनाव जीता और एक बार फिर से रविशंकर शुक्ल को मुख्यमंत्री चुना गया। वे 31 अक्टूबर 1956 तक इस पद पर रहे। एक नवंबर 1956 को जब मप्र का गठन हुआ उन्हें एक बार फिर से मप्र की बागडोर सौंपी गई। 31 दिसंबर 1956 को उनका स्वर्गवास हो गया। मप्र के इतिहास में अब तक वे पहले मुख्यमंत्री हैं, जिनका पद पर रहते निधन हुआ है। उस समय उनकी आयु 79 वर्ष थी। इस तरह रविशंकर शुक्ल ने तीन बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली और छह साल 340 दिन शासन चलाया।

**पिछले तीस सालों में थोडा ठहराव :** शुरुआत के 40 सालों में मप्र मुख्यमंत्री चयन को लेकर एक तरह का अखाडा रहा है। इस कालखंड में 14 मुख्यमंत्री हुए है, इसमें से कुछ दो बार व तीन बार तक मुख्यमंत्री बने। इस दौरान सिर्फ एक बार ही अर्जुन सिंह ने अपना कार्यकाल पूरा किया था। प्रदेश की राजनीति में पिछले तीस सालों में थोडा ठहराव देखने में आया है 1993 से 2023 साल में सिर्फ चार मुख्यमंत्री ही हुए है। तीन बार विधानसभा भंग हुई है। अब तक के इतिहास में सबसे कम 14 दिन नरेश चंद्र इस पद पर रहे।

**शिवराज सिंह चौहान चार बार से मुख्यमंत्री :** वर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सबसे अधिक चार बार मुख्यमंत्री बने और 16 साल से अधिक का रिकार्ड उनके नाम है। इसी के साथ देश के सबसे अधिक समय तक रहने वाले मुख्यमंत्रियों की फेहरिस्त में शामिल है।

भाद्रपद शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 149 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
14 नवम्बर 2023 मंगलवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो


आज का मौसम
32 अधिकतम
19 न्यूनतम



Page- 7

### चुनाव प्रचार के आखिरी 36 घंटे में भाजपा व कांग्रेस नेताओं के तूफानी दौरे

# आदिवासी और मालवा मिशन पर पीएम मोदी, चंबल में नाथ




**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

चुनाव प्रचार खत्म होने के 36 घंटे पहले भाजपा आज आदिवासी मिशन पर है। पीएम नरेंद्र मोदी आज बैतूल,झाबुआ व शाजापुर में सभा करके उस वोट बैंक को साधने की कोशिश में हैं,जो बीते चुनाव में काग्रेंस की तरह खिसक गया था। इसी तरह वे शाम को इंदौर में रोड शो करने वाले हैं जिसमें कुछ विदेशी नेताओं के शामिल होने की संभावना है। मालवा दोनों दलों के लिए कितना महत्वपूर्ण हो गया है इसका उदाहरण यह है कि इंदौर में प्रियंका गांधी भी दो सभा और रोड शो कर चुकीं है।

मोदी ने सुबह ही बैतूल में सभा की और अपनी गारंटी मतदाताओं के सामने रखीं। मोदी ने यह भी कहा कि मै मूलतः संगठन कार्यकर्ता रहा हूं और जानता हूं कि सुबह 11 बजे चुनाव की सभा करना लोहे के चने चबाने जैसा काम होता है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव मप्र के विकास को डबल इंजन की रफ्तार देने का है। वहीं भाजपा के तमाम बड़े नेता भी आज मैदान में हैं और पर्ची वितरण के जरिये लोगों से जुड़ने की कोाशि में हैं। कांग्रेस की तरफ से राहुल गांधी आज सीएम के क्षेत्र विदिशा में क्रोंस की सभा कर रहे हैं इसके बाद वे खरगापुर में सभा करेंगे। कमलनाथ मुरैना,दिमनी व जौरा में सभा करने पहुंचे हैं तो सीएम शिवराज ने आज सुबह भोपाल में पर्ची वितरण किया तथा इसके बाद वे मंदसौर पहुंचे।

## राहुल फिर पहुंचे भोपाल,आज पीसी के लिए रोड शो

राहुल गांधी आज अचानक फिर भोपाल आए और उन्होंने दक्षिण पश्चिम क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार पीसी शर्मा के लिये एक संक्षिप्त रोड शो व प्रचार किया। उन्होंने लोगों से बात भी की। राहुल सुबह दस बजे के करीब यहां आए थे, वे माता मंदिर क्षेत्र में लोगों से मिले। कल रात जब राहुल ने पुराने भोपाल में रोड शो किया था तब उनका दक्षिण पश्चिम क्षेत्र से %संपर्क% कम हो पाया था, माना जा रहा है कि उसी की भरपाई के लिये वे आज फिर पहुंचे और यहां से विदिशा मे सभा करने रवाना हो गये।



## हमें रिपोर्ट मिल रही है...मोदी



बैतूल सभा में मोदी ने कहा कि हमें रिपोर्ट मिल रही कांग्रेस ने हार मानकर खुद को भगवान भरोसे छोड़ दिया है। साधु महात्माओं के पास डोरे के लिए जा रहे हैं। कांग्रेस के पुराने लोग नजर नहीं आ रहे। कांग्रेस ने मान लिय है मोदी की गारंटी के सामने कांग्रेस के छूठे वादे एक पल भी नहीं टिक सकते हैं। हम जो कहते हैं वो करके दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक आदिवासियों के वोट बटोरे। लेकिन उन्हें सुविधाएं नहीं दी। कांग्रेस अपने वादे कभी पूरे नहीं करती है, कांग्रेस ने कर्जमाफी का वादा पूरा नहीं करती है।जबकि भाजपा ने खाद्यान्न गारंटी दी है और यह अगले पांच साल तक जारी रहेगी।

## भाजपा : पर्ची लेकर दौड़ा सत्ता संगठन



भाजपा आज बूथ स्तर तक प्रचार की रणनीति के साथ उतरी है। तमाम वरिष्ठ नेता बूथ तक मतदाताओं से डोर -टू- डोर सम्पर्क और संवाद कर रहे हैं। इसका मकसद शत प्रतिशत मतदान है। आज सुबह दस बजे से पूरे प्रदेश में मतदाता पर्ची वितरण महाअभियान शुरू हुआ है इसमे राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश बैरसिया के बूथ पर पहुंचे तो शिवराज सिंह सुवासरा में, नरेन्द्र सिंह तोमर मुरैना, भूपेन्द्र यादव भोपाल के दक्षिण सीट, विष्णुदत्त शर्मा खण्डवा के हरिगंज बूथ, अश्विनी वैष्णव भोपाल के उत्तर क्षेत्र, कैलाश विजयवर्गीय इंदौर, ज्योतिरादित्य सिंधिया ग्वालियर, प्रहलाद पटेल नरसिंहपुर के शंकराचार्य वार्ड, फग्गन सिंह कुलस्ते निवास, हितानंद भोपाल की गोविन्दपुरा सीट, नरोत्तम मिश्रा दतिया के नंदपुर में हैं।

### दो दिन से सुरंग में फंसे हैं मजदूर

## अभी 24 घंटे और लग सकते हैं मजदूरों को निकालने में



**उत्तरकाशी , एजेंसी।**

निर्माणाधीन सुरंग में हुए भूस्खलन के बाद चालीस मजदूरों का बचाव अभियान तीसरे दिन में प्रवेश कर गया है। निर्माणाधीन टनल में हुए भूस्खलन के बाद फंसे मजदूरों को निकालने के लिए बचाव अभियान तेजी से चल रहा है। अब ऑगर ड्रिलिंग मशीन मंगाई है, यह मशीन मलबे में 900 मिमी स्टील पाइप लगाएगी। इन 900 मीटर के पाइप के जरिए सुरंग में फंसे हुए मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकलना जाएगा। यह काम आज रात या कल तक पूरा होने के आसार हैं। 900 मिमी व्यास के पाइप घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। इसके साथ ही ऑगर ड्रिलिंग मशीन भी साइट पर पहुंच गई है। ऑगर मशीन के लिए प्लेटफार्म तैयार कर लिया गया है। ऑगर ड्रिलिंग मशीन की स्थापना का काम तेजी से चल रहा है। निर्माणाधीन सुरंग में ऊपर से लगातार गिर रही मिट्टी बचाव अभियान में रुकावट पैदा कर रही है। ऐसे में अब पाइप डाला जाएगा, ताकि मलबे को रोका जा सके। मशीन खुदाई करके पाइप डालेगी। माना जा रहा है कि इस अभियान में 24 घंटे का समय लग सकता है।

## भारत ने संयुक्त राष्ट्र में दिखाया कनाडा को आइना !

### कहा- अपने देश में कट्टरपंथ और पूजा स्थलों पर हमले रोकें

**जिनेवा , एजेंसी।**

भारत-कनाडा के बीच जारी राजनयिक विवाद के बीच भारत ने संयुक्त राष्ट में कनाडा को आइना दिखाया है। भारत ने एक बड़े कूटनीतिक कदम के तहत संयुक्त राष्ट में कनाडा को पूजा स्थलों और घृणा अपराध को रोकने की सलाह दी। संयुक्त राष्ट मानवाधिकार परिषद की बैठक के दौरान एक प्रस्ताव पर चर्चा में भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका के राजनयिकों ने कनाडा को कुछ सलाह दीं।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजनयिक मोहम्मद हुसैन ने कहा 'भारत की कनाडा को सलाह है कि वह अपने घरेलू ढांचे को मजबूत करे, जिससे बोलने की आजादी का गलत इस्तेमाल ना हो सके। साथ ही



कट्टरपंथ को बढ़ावा ना मिले और हिंसा ना भड़के।' भारतीय राजनयिक ने कहा कि 'कनाडा में पूजा स्थलों, धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हमलों को भी रोका जाना चाहिए। घृणा अपराध और घृणा भाषणों को रोकने के लिए कानून मजबूत करने चाहिए।'

### बाल दिवस



*राजधानी में आज बाल दिवस पर देश के पहले पीएम जवाहर लाल नेहरू की वेशभूषा में सजे बच्चे।*

## भारतीय सीमा में दाखिल हुए म्यांमार के दो हजार लोग

आईजोल। म्यांमार के चिन राज्य में जारी एयर स्ट्राइक और जबरदस्त गोलीबारी के चलते वहां के लोग भागकर भारतीय सीमा में दाखिल हो रहे हैं। पिछले 24 घंटे में करीब 2000 लोग मिजोरम पहुंचे हैं। दरअसल, इन दिनों म्यांमार की सत्तारूढ़ जुंटा समर्थित सेना और मिलिशिया समूह पीपुल्स डिफेंस फोर्स के बीच गोलीबारी चल रही है। पीपुल्स डिफेंस फोर्स ने चिन राज्य में खावमावी और रिहखावदार में दो सैन्य ठिकानों पर हमला कर उन पर कब्जा कर लिया है।

## रेत माफिया ने दरोगा को कुचला

**पटना एजेंसी।** बिहार में भी बालू माफियाओं की मनमानी बढ़ती ही जा रही है। अवैध खनन के लिए वह किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। जमुई के गरही थाना क्षेत्र अंतर्गत महुलिया टांड़ गांव के पास तेज रफ्तार बालू लदे ट्रैक्टर ने बाइक सवार गरही थाने के अपर थानाध्यक्ष (दारोगा) प्रभात रंजन व एक जवान को कुचल दिया। इसमें दारोगा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि जवान की हालत गंभीर है। इधर, हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया। इधर, घटना में घायल हुए एक होमगार्ड जवान का इलाज शहर के प्राइवेट हॉस्पिटल में चल रहा है। मृत दारोगा की पहचान वैशाली जिले के महनार निवासी प्रभात रंजन के रूप में हुई।



## गोवा हवाईअड्डे के रनवे पर घुसा आवारा कुत्ता, विस्तारा की फ्लाइट को बंगलूरू लौटना पड़ा

**पणजी ।** हवाई यातायात नियंत्रण द्वारा रनवे पर एक कुत्ते को देखे जाने के बाद विस्तारा की एक उड़ान गोवा के डाबेलिम एयरपोर्ट पर उतरे बिना ही बंगलूरू वापस लौट गई। यह घटना सोमवार दोपहर की है। रनवे पर कुत्ते को देखे जाने के बाद पायलट को कुछ देर के लिए इंतजार करने के लिए कहा गया। गोवा एयरपोर्ट के निदेशक धंमजय राव ने बताया कि ऐसी स्थिति में पायलट को वापस जाना उचित लगा। गोवा का डाबेलिम एयरपोर्ट भारतीय नौसेना के हंसा बेस का हिस्सा है। विस्तारा की उड़ान यूके 881 बंगलूरू के केम्पेगौड़ा एयरपोर्ट से दोपहर 12.55 बजे रवाना हुई। उड़ान वापस शाम के 04.55 बजे बंगलूरू पहुंची और 06.15 बजे गोवा पहुंची।

### बंधकों की आजादी करीब

# समझौते व सीज़फायर के करीब इजराइल व हमास

**तेल अवीव, एजेंसी।**

इजरायल और हमास अब बंधकों की रिहाई को लेकर समझौते के करीब पहुंच गये हैं। माना जा रहा है कि सब कुछ सही रहा तो इजरायल से 7 अक्टूबर को बंधक बनाए गए ज्यादातर बच्चों और महिलाओं को हमास मुक्त कर सकता है। कुछ ही दिन में इस डील को लेकर ऐलान हो सकता है। वॉशिंगटन पोस्ट ने इजरायल के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी। इजरायली अधिकारी ने बताया, डील की सामान्य रूपरेखा समझ में आ गई है. अस्थायी समझौते में इजरायली महिलाओं और बच्चों को रिहा करने की अपील की है. इसके बदले इजरायली जेलों में बंद फिलिस्तीनी महिलाओं और युवाओं को भी रिहा किया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायल चाहता है कि उसके सभी 100 महिलाओं और बच्चों को रिहा किया जाए. हालांकि, शुरुआती तौर पर यह संख्या कम हो सकती है. हमास ने पहले ही संकेत दिए हैं कि वह 70 महिलाओं और बच्चों को छोड़ने के लिए तैयार है. दूसरी ओर इजरायल से रिहा होने वाली फिलिस्तीनी महिलाओं और युवाओं की संख्या स्पष्ट नहीं है, लेकिन एक अरब अधिकारी ने पिछले हफ्ते बताया था कि जेल में कम से कम 120 ऐसे लोग हैं।



### 5 दिन बंद रहेगा युद्ध

बताया जाता है कि बंधकों और कैदियों की अदला-बदली के साथ-साथ शायद पांच दिनों का सीजफायर होगा. यह युद्धविराम इजरायली बंदियों को सुरक्षित यात्रा की अनुमति देगा. इजरायली अधिकारी ने बताया कि यह गाजा में फिलिस्तीनी नागरिकों को अधिक अंतरराष्ट्रीय सहायता की अनुमति भी दे सकता है. इजरायल और हमास बंधकों की रिहाई को लेकर समझौते के करीब हैं. माना जा रहा है कि सब कुछ सही रहा तो इजरायल से 7 अक्टूबर को बंधक बनाए गए ज्यादातर बच्चों और महिलाओं को हमास मुक्त कर सकता है. माना जा रहा है कि कुछ ही दिन में इस डील को लेकर ऐलान हो सकता है।



राज्य शिक्षा केंद्र ने लगाई डीईओ-बीईओ को फटकार

# शिक्षकों ने नहीं दिखाई टेबलेट खरीदी में रुचि, अब 20 अंतिम तारीख

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के लिए शुरू हुई टेबलेट खरीदी की प्रक्रिया एक साल बाद भी पूरी नहीं हो सकी है। जिसके चलते राज्य शिक्षा केंद्र (आरएसके) ने सभी जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी और विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को फटकार लगाई है। आरएसके ने एक और मौका देते हुए 20 नवंबर तक अनिवार्य रूप से टैबलेट खरीदने के निर्देश दिए हैं। आरएसके ने इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा है कि सरकारी स्कूलों में पदस्थ सभी व्याख्याता, उच्च माध्यमिक शिक्षक एवं गणित, विज्ञान, अंग्रेजी विषय के उच्च श्रेणी शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक के द्वारा 20 नवंबर तक टेबलेट खरीद लिए जाएं।



फाइल फोटो

### लक्ष्य 44 हजार के विरुद्ध पंजीयन एवं क्रय की स्थिति काफी न्यूनतम :

नवंबर माह की स्थिति में कुल लक्ष्य 44 हजार के विरुद्ध पंजीयन एवं क्रय की स्थिति काफी न्यूनतम है। वर्तमान स्थिति के अनुसार 32,334 पंजीयन हुए हैं। प्रतिपूर्ति जमा 23,334 बीआरसी द्वारा तकनीकी सत्यापन 21,435 और रिम्बर्समेंट कार्यवाही पूर्ण 16 हजार की हुई है।

## बीयू की पीजी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं एक माह देरी से होंगी





**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) के विधार्थियों के लिए काम की खबर है। बीयू की पीजी प्रथम सेमेस्टर के परीक्षाएं एक माह देरी से होंगी। पीजी फर्स्ट सेमेस्टर के विद्यार्थियों के नामांकन का कार्य अभी पूरा नहीं हो सका है, जबकि शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार 22 नवंबर से परीक्षा शुरू होनी है। विवि प्रबंधन ने अब तक परीक्षा का टाइम टेबिल जारी नहीं किया है। अब यह परीक्षा एक माह देरी से दिसंबर अंत या जनवरी के प्रथम सप्ताह में हो सकती हैं। फिलहाल पीजी थर्ड सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरे जा रहे हैं। परीक्षा फार्म जमा करने की आखिरी तारीख 21 नवंबर है। विलंब शुल्क के साथ 23 नवंबर है।

एयर क्वालिटी इंडेक्स 360 तो ग्वालियर का 405 के पार पहुंचा

# दीवाली की रात से 24 घंटे धुआं-धुआं रहा वातावरण, उसी में सांस लेने की मजबूरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**वायु प्रदूषण को लेकर हम कितने सजग है इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दीपावली वाले दिन हमने पटाखें जलाकर खुद की प्राणवायु को बीमार करने की कोई कसर नहीं छोड़ी।**

### पटाखों के जलाने के बाद निकला रिकार्ड कचरा



### प्रमुख शहरों का एयर क्वालिटी इंडेक्स

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 400 | 360 | 350 | 325 | 342 |
| ग्वालियर | भोपाल | रतलाम | खंडवा | उज्जैन |
| 330 | 348 | 335 | 320 | 322 |
| इंदौर | सिंगरौली | जबलपुर | कटनी | देवास |

जिसकी वजह से दीपावली वाली शाम से लेकर 24 घंटे तक वातारण धुआं-धुआं रहा। भोपाल की हवा की सेहत बताने वाला एयर क्वालिटी इंडेक्स 360 के पार पहुंच गया। इंडेक्स का यहां तक पहुंचना हवा की बहुत ही खराब स्थिति को दर्शाता है। यह स्थिति पटाखों को चलाने के कारण बनी। यही नहीं, ध्वनि प्रदूषण भी अपने रिकार्ड स्तर पर रहा। वायु व ध्वनि प्रदूषण के कारण लोगों को तो परेशान होना ही पड़ा, पक्षी भी शहर छोड़कर जंगलों की ओर निकल गए। यही नहीं, पटाखों की आवाज से पालतू जानवरों की सामत आ गई। यह हाल अकेले भोपाल का ही नहीं रहा, बल्कि ग्वालियर में तो और खराब स्थिति रही। यहां एयर क्वालिटी इंडेक्स 400 के पार पहुंच गया।

उल्लेखनीय है कि एयर क्वालिटी इंडेक्स यदि 50 तक या उससे नीचे होता है तभी हवा की स्थिति को आदर्श माना जाता है लेकिन प्रदूषण का स्तर बढ़ने के साथ ही यह इंडेक्स भी बढ़ने लगता है।

दीपावली वाले दिन रात नौ बजे से शहर के लगभग सभी क्षेत्रों में आतिशबाजी तेज हो गई थी। लोगों ने जमकर पटाखें जलाए थे। कुछ ही समय बाद इसका असर भी दिखाई देन लगा। वातावरण में धुएं का स्तर बढ़ गया था। उसके पहले दिन में सामान्य दिनों की तरह धूल के कणों ने परेशानी बढ़ा रखी थी। रात 10 बजे तक पीएम 10 का स्तर 300 के पार पहुंच गया था। पीएम 2.5 भी 150 के पार था। ये धूल व धुएं के कणों का मिश्रण होते हैं, जो हवा की सेहत को सबसे अधिक बिगाड़ते हैं। इसके अलावा पटाखों के धुएं से निकलने वाली विभिन्न हानिकारक गैसों का स्तर भी बढ़ गया था। जिसके कारण वातावरण के मामूली उपरी सतह पर धुएं की परत बन गई थी। जिसके कारण वातावरण में आक्सीजन का सामान्य स्तर भी कम हुआ था।

### यह भी है वायु प्रदूषण की वजह

- वाहनों का आवागमन बढ़ा है, जिसके कारण धुएं का उत्सर्जन हो रहा है।
- जगह-जगह निर्माण कार्य चल रहे हैं, जिसकी वजह से धूल निकलती है।
- खेतों में कटाई का काम शुरू हो चुका है, लोग पराली जलाने से बाज नहीं आ रहे हैं।
- उखड़ी सड़कों से उड़ने वाली धूल जान लेवा बनी हुई है।

### नहीं लिया सबक, इसलिए बिगड़ी स्थिति



प्रत्येक वर्ष दीपावली पर प्रदूषण का यही हाल रहता है। वर्ष 2022 की दीपावली पर भी एयर क्वालिटी इंडेक्स रिकार्ड उपर चला गया था। उसकी वजह भी पटाखें और धूल के कण ही थे। इसको लेकर पर्यावरण विभाग ने सलाह भी जारी की थी। इस वर्ष भी दीपावली के पहले से वायु प्रदूषण लगातार बढ़ रहा था जिसे लेकर पर्यावरण विभाग सलाह जारी कर चुका था और कहा था कि खतरनाक व अधिक आवाज और धुआं छोड़ने वाले पटाखें न जलाए। तब भी सलाह नहीं मानी और स्थिति बिगड़ गई। पर्यावरण विद मानते हैं कि प्रदूषण एक धीमा जहर की तरह शरीर को नुकसान पहुंचाता है। तुरंत इसके दुष्परिणाम दिखाई नहीं देते, इसलिए लोग समझ ही नहीं पाते कि प्रदूषण कितना खतरनाक होता है। यही वजह है कि सलाह को दरकिनार करते हैं इसलिए सबक नहीं लेते। वहीं विभाग भी कार्यवाही करने की बजाए खानापूर्ति करता है और पटाखें जलाए जाने के बावजूद मुकदर्शक बना रहता है।

### मुख्य सचिव को एनजीटी तलब कर चुका, तब भी यह हाल

उल्लेखनीय है कि दीपावली के पूर्व प्रदूषण से जुड़े मामले पर एनजीटी प्रदेश के मुख्य सचिव को तलब कर चुका है। मामला मध्यप्रदेश समेत सात राज्यों में रिकार्ड वायु प्रदूषण का है। मुख्य सचिव को जल्द ही एनजीटी में पेश होना है, उसके बावजूद भी वायु प्रदूषण को नियंत्रित नहीं किया जा रहा है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने दीपावली के दो दिन पहले ही यह आदेश दिया है।

### एक रात में डेढ़ से दो गुना बढ़ा वायु प्रदूषण

दीपावली पर जलाए गए पटाखों की वजह से एक रात में प्रदेश का वायु प्रदूषण डेढ़ से दो गुना बढ़ गया। रविवार दिन की बात करें तो भोपाल का वायु गुणवत्ता सूचकांक 250 के आसपास था, जो 12 घंटे में 356 तक पहुंच गया। इसी तरह ग्वालियर, इंदौर और जबलपुर की वायु भी प्रदूषित हुई। वर्तमान में प्रदेश के 10 शहर ऐसे में हैं, जिनकी वायु सबसे खराब स्थिति में पहुंच चुकी है।

**ऐसे समझें वायु गुणवत्ता सूचकांक :** एयर क्वालिटी इंडेक्स (वायु गुणवत्ता सूचकांक) हवा की गुणवत्ता को बताता है। इससे पता चलता है कि हवा में किन गैसों की कितनी मात्रा घुली है। हवा की गुणवत्ता के आधार पर इस इंडेक्स में छह कैटेगरी बनाई गई हैं। यह हैं अच्छी, संतोषजनक, थोड़ा प्रदूषित। इसके अलावा खराब, बहुत खराब और गंभीर। हवा की गुणवत्ता के अनुसार इसे अच्छी से खराब और फिर गंभीर की श्रेणी में रखा जाता है। इसी के आधार पर इसे सुधारने के लिए प्रयास किया जाता है।

## विवि और कॉलेजों के 50-50 विधार्थियों को बनाया एएलसी

### करेंगे मतदान के लिए जागरूक



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के विधार्थी मतदाताओं को जागरूक करेंगे। इसके लिए कालेजों में 50-50 विद्यार्थियों को एलेक्ट्राल लिट्रेसी क्लब (एएलसी) सदस्य बनाया जा गया है। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों व महाविद्यालयों के प्राचार्यों को स्वीप पार्टनर के तहत मतदाता जागरूकता संबंधी प्रचार-प्रसार गतिविधियों के संचालन के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में एलेक्ट्राल लिट्रेसी क्लब (एएलसी) का गठन करने के लिए कहा गया है। साथ ही शिक्षकों को नोडल अधिकारी और विद्यार्थियों को कैंपस एम्बेस्डर भी बनाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत 50-50 विद्यार्थियों को एएलसी सदस्य चुनकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करना है। साथ ही एएलसी की एग्जीक्यूटिव कमेटी में शिक्षकों को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## कल से नहीं बिकेगी शराब, अवैध शराब बिक्री पर रहेगी नजर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

विधानसभा चुनाव के दौरान शराब की बिक्री नहीं होगी। ऐसे में शराब के शौकिनों के लिए मुश्किलें होनी तय है। यह बिक्री बुधवार शाम छह बजे से बंद रहेगी। 17 नवंबर को वोटिंग होना है, उसके बाद ही बिक्री शुरू हो सकेगी। इसके निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए हैं। संबंधित विभागों से पालन कराने को भी कहा है। इस दौरान अवैध शराब बेचने वालों पर सख्त नजर रहेगी। किसी भी तरह के उल्लंघन पर सख्त कार्यवाही होगी।



जिला प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक 17 नवंबर को मतदान है। इससे पहले 15 नवंबर बुधवार को शाम छह बजे से शुक्रवार को मतदान समाप्ति तक शराब पर प्रतिबंध लगाया है। इस दौरान सभी शराब दुकानों, रेस्टोरेंट बार, होटल बार, सिविलियन क्लब, सैनिक थोक कैंटीन, फुटकर कैंटीन, वाइन विक्रय के लिए स्वीकृत रिटेल आउटलेट एवं अन्य लाइसेंस केंद्र, जिंसी चौराहा स्थित देशी शराब भंडारागार और गांधीनगर स्थित विदेशी शराब भंडारागार से शराब के आयात, निर्यात, परिवहन, क्रय, विक्रय एवं प्रदाय पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। इसी तरह तीन दिसंबर को मतगणना वाले पूरे दिन यह प्रतिबंध लागू रहेगा।

**मेट्रो एंकर**

एक दर्जन दमकलों ने पाया आग पर काबू

# संतनगर के राधा होम्स के फ्लैट में शार्ट सर्किट से भड़की आग

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

**संतनगर के वन ट्री हिल्स स्थित राधा होम्स के एक मकान में शाम आग लग गया। आग का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग लगने से इलाके में अफरा तफरी मच गई थी, एक दर्जन से अधिक दमकलों ने आग पर काबू पाया। आग से पूरा फ्लैट जल गया है, गनीमत रही कि कोई जन हानि नहीं हुई।**



सोमवार शाम आग करीब साढ़े सात बजे राधा होम्स रोशनी से नहा रहा था। सब कुछ सामान्य था, अचानक शॉट सर्किट से तीन मंजिला इमारत के सेकंड फ्लोर पर प्रीतम माधवानी का एस फ्लैट है, जिसमें शार्ट सर्किट हुआ। कुछ ही देर आग की लपटने उठने लगीं। फ्लैट के लोग बाहर निकल कर आए गए और इमारत में रहने वाले बाहर आ गए। सूचना पर दमकलों कार आना शुरू हुआ, करीब एक दर्जन फायर ब्रिगेड में आग पर काबू। बताया जा रहा है, पूरा फ्लैट का सब कुछ जल गया है।

### गौवर्धन पूजा: गौ सेवा और रक्षा का संकल्प लिया बजरंगियों ने

**हिरदाराम नगर। दोपहर मेट्रो।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल संत प्रखंड द्वारा गौवर्धन पूजा के दिन गौ माता का पूजन किया गया। गौ माता की रक्षा, गौ सेवा करने गौ तस्करी न हो उसके लिए हमेशा तत्पर रहने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में विभाग से संदीप जैन जी, धर्म प्रचार प्रसार जीतू कटारिया, जिला मंत्री भूपेंद्र गुर्जर, जिला सह गौरक्षा प्रमुख संतोष यादव, जिला बल उपासना प्रमुख दयाराम मेहर, जिला सुरक्षा प्रमुख राजेश ठाकुर, रवि पटीरिया, संत प्रखंड मंत्री युवराज मीणा, संपत राव उपस्थित रहे।



## हुजूर में रामेश्वर का जनसंपर्क एवं कार्यकर्ता संवाद जारी



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

हुजूर में भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा का जनसंपर्क और कार्यकर्ता संवाद जारी है। सोमवार को शर्मा ने संतनगर के विभिन्न वार्डों में जनसंपर्क किया और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

शर्मा ने कहा, हर कार्यकर्ता भाजपा की विजय के संकल्प के साथ जुटा है। हर कार्यकर्ता गांव, गली, मुहल्लों में द्वार-द्वार जाकर, कुंडी खड़खड़ाकर नागरिकजनों के सामने भाजपा का रिपोर्ट कार्ड रख रहा है। जिसके चलते हर स्थान पर हमें अपार समर्थन मिल रहा है।

मैंने अपने कार्यकाल में जनकल्याण व क्षेत्रीय विकास का हर काम कराया है। मैंने नाली, सड़क से लेकर सिक्स लेन और फ्लाईओवर दिया।

# श्रमिकों को मतदान के लिए किया गया प्रेरित



**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत सोमवार को नर्मदापुरम जिले के तहसील इटारसी विकासखंड केसला में औद्योगिक क्षेत्र किरतपुर एवं ग्राम काला आखर, नया जामुन ढोल, गाजनिया बेड़ा में श्रमिको को 17 नवंबर को मतदान करने के लिए प्रेरित करने हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कराया गया। साथ ही श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों को निर्वाचन संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की गई तथा कार्यरत श्रमिको से जिले में मतदान शत प्रतिशत कराने हेतु प्रतिज्ञा भी दिलाई गई। उपस्थित श्रमिको को विधानसभा निर्वाचन दिवस पर सार्वजनिक अवकाश के सम्बंध में जानकारी भी दी गई।

### कोई विकास गिनाकर तो कोई विकास कराने के नाम पर मांग रहा वोट

# प्रचार के अंतिम चरणों में भरपूर ताकत झोंक रहे हैं प्रत्याशी...







सोहागपुर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी विजयपाल सिंह, नर्मदापुर में निर्दलीय भगवती चौरे और कांग्रेस के गिरिजाशंकर शर्मा

**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

विधानसभा चुनाव के मतदान की जैसे-जैसे तारीख नजदीक आती जा रही है वैसे वैसे प्रत्याशियों का जनसंपर्क निरंतर बढ़ रहा है. कोई विकास के नाम पर वोट मांग रहा है तो कोई विजयी होने के बाद विकास करने के नाम पर वोट मांग रहा है.

शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी इन प्रत्याशियों का जनसंपर्क जारी है. ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्याशियों का तुलादान हो रहा है.

नर्मदापुरम जिले की सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस भाजपा सहित निर्दलीय प्रत्याशियों का जनसंपर्क निरंतर जारी है. यहां से कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह पटेल प्रत्याशी है जो क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए जनता के बीच पहुंचकर वोट मांग रहे हैं. वहीं भाजपा के वर्तमान विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह क्षेत्र में हुए विकास कार्यों को लेकर जनता के बीच पहुंच रहे हैं. इस विधानसभा क्षेत्र में निर्दलीय प्रत्याशी भी प्रचार में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं. सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में सोहागपुर तथा बाबई नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्याशियों के प्रचार की गूंज निरंतर गूंज रही है.

जिला मुख्यालय की नर्मदापुरम इटारसी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस और भाजपा के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी भी जोर आजमा रहे हैं.

यहां से भाजपा के पूर्व विधायक पंडित गिरजा शंकर शर्मा कांग्रेस की तरफ से चुनाव मैदान में है.तो बीजेपी की ओर से वर्तमान विधायक डॉक्टर सीताशरण शर्मा तीसरी बार विधायक बनने का प्रयास कर रहे हैं. इस विधानसभा क्षेत्र में निर्दलीय प्रत्याशी भगवती चौरे का प्रचार प्रसार भी जोरों पर है.

इस विधानसभा क्षेत्र में इटारसी और नर्मदापुरम नगर में सर्वाधिक वोट है. अन्य विधानसभा क्षेत्र की अपेक्षा यहां ग्रामीण मतदाताओं की संख्या कम है. मतदान होने के अंतिम क्षणों तक यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि यहां विजय श्री का वरण कौन करेगा।

सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्र में भी इस बार त्रिकोणी संघर्ष के आसार दिखाई दे रहे हैं. यहां भारतीय जनता पार्टी से विधायक प्रेम शंकर वर्मा चुनाव मैदान में है वहीं कांग्रेस ने अजय बलराम पटेल को चुनाव मैदान में उतारा है. कांग्रेस के पूर्व विधायक ओमप्रकाश रघुवंशी को इस बार पार्टी से टिकट न मिलने पर वह निर्दलीय रूप से चुनाव मैदान में डटे हुए हैं.

पिपरिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की ओर से वर्तमान विधायक ठाकुरदास नागवंशी के सामने कांग्रेस ने नए प्रत्याशी वीरेंद्र बेलवंशी को मैदान में उतारा है.

दोनों प्रत्याशी मतदान के अंतिम चरणों में धुआंधार प्रचार कर रहे हैं. विधानसभा क्षेत्र में निर्दलीय प्रत्याशी भी जोर आजमाइश में पीछे नहीं है।

### 721 चालान से वसूले 6,67,000 लाख रुपए

# आचार संहिता में आरटीओ ने जिले भर में की वाहनों की जांच पड़ताल



**नर्मदापुरम।** परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा आचार संहिता लागू होने के बाद दिनांक 14/10/2023 से 12/11/2023 तक नर्मदापुरम जिले के समस्त मार्गो पर दिन तथा रात्रि जांच व तलाशी अभियान के दौरान कुल 721 चालानी कार्यवाही की गई। जिसमें 6,67,000 लाख रुपए राजस्व वसूला गया। आरटीओ की इस आचार संहिता में की गई कार्यवाही के दौरान 45 हूटर लगे निजी वाहनों से 1,06,300 लाख रुपए, अनाधिकृत नंबर प्लेट तथा बिना नंबर प्लेट वाले कुल 366 वाहनों से 2,02,000 लाख रुपए तथा अन्य 310 चालानों से 3,58,700 लाख रुपए राजस्व वसूला गया।

आचार संहिता में आरटीओ विभाग द्वारा स्वीप प्लान के तहत बाइक रैली का आयोजन किया गया तथा वाहनों में स्टीकर तथा यात्रियों से सीधे संपर्क करके मतदान के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। रात्रि गस्त व जांच में स्स्ज्ञ परिवहन चौकी के साथ संयुक्त जांच में 2 अलग ङ्क अलग कार्यवाही में लगभग 4 लाख नगदी जप्त की गई. जांच दल में आरटीओ अधिकारी श्रीमति निशा चौहान के साथ समस्त परिवहन विभाग का जांच दल शामिल रहा है। आरटीओ अधिकारी श्रीमति निशा चौहान के अनुसार वाहनों के जांच की यह कार्यवाही आचार संहिता के बाद भी लगातार जारी रहेगी। नियमानुसार न चलने वाले वाहनों पर चालानी कार्यवाही तथा जप्ती की कार्यवाही की जाएगी।

## अतिरिक्त ईवीएम मशीनों की एफएलसी, मॉकपोल के पश्चात प्रथम सप्लीमेंट्री रेंडमाइजेशन



**नर्मदापुरम।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक सेक्टर आफिसरों के साथ 2 बीयू, 2 सीयू, एवं 3 व्हीव्हीपीएटी की मतदान के दिन रखा जाएंगे। उपरोक्त निर्देशों के तारतम्य में सोमवार को विधानसभा चुनाव के लिए कलेक्टर कार्यालय स्थित ईवीएम वेयर हाउस में अतिरिक्त ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी निकाली जाकर एफएलसी एवं उनकी मॉकपोल की कार्यवाही की गई। जिसके तत्काल बाद इन मशीनों का ईएमएस सॉफ्टवेयर पर प्रथम सप्लीमेंट्री रेण्डमाइजेशन किया गया। संपूर्ण प्रक्रिया कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में की गई। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह, नोडल कुबेर सिंह मिर्धा , डीआईओ मनीष गुणवान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**मेट्रो एंकर** स्थैतिक निगरानी दल और फ्लाइंग स्क्वायड टीम वाहनों की सघन जांच करें...

# मतदान के 48 घंटे पहले प्रचार प्रसार होगा बंद

**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने सोमवार को विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के दृष्टिगत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी रिटर्निंग अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि 15 नवंबर से शाम 6~00 बजे से डोर टू डोर संपर्क के अतिरिक्त राजनैतिक प्रचार प्रसार पर प्रतिबंध रहेगा। सभा, जुलूस , वाहन की अनुमति नहीं दी जाए। जिले में पर्यटकों को छोड़कर बाहर से आए लोगों को चुनाव क्षेत्र छोड़ने के लिए सूचित करें। होटल,सराय आदि की निरंतर जांच की जाएं।

कलेक्टर श्री सिंह ने ईवीएम मशीनों के संबंध में निर्देश दिए कि सभी विधानसभाओं में 2-2 बेल के इंजीनियर मौजूद रहेंगे। जो मतदान दिवस पर ईवीएम मशीन में खराबी की सूचना पर माइक्रो ऑब्जर्वर के साथ



शीघ्र केंद्र पर पहुंचकर सुधार एवं मशीन के रिप्लेसमेंट की कार्यवाही करेंगे। उन्होंने सभी सेक्टर अधिकारियों और बेल के इंजीनियरिंग के पास एक-एक अतिरिक्त ईवीएम मशीन रखे जाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी स्थैतिक निगरानी दलों और फ्लाइंग स्क्वायड टीम को पूरी सक्रियता से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के वाहनों की सघन जांच की जाए और निर्वाचन को प्रभावित करने वाली सामग्रियों पर कार्यवाही करें। उन्होंने सभी रिटर्निंग अधिकारियों को एसएसटी और एफएसटी की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी रिटर्निंग अधिकारियों से मतदाता पर्ची वितरण की भी जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि मतदाताओं को मतदाता पर्ची का शीघ्र वितरण कराएं। उन्होंने कहा कि 15 नवंबर को मतदान कर्मियों का थर्ड रेंडमाइजेशन किया जाएगा। उन्होंने मतदान कर्मियों की चिकित्सा सुविधा सहित मानदेय सहित अन्य सुविधाओं के संबंध में रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देशित किया। बताया गया कि जिले में कुल 1187 मतदान केंद्रों में से लगभग 750 मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग( लाइव स्ट्रीमिंग )की जाएगी। जिसकी कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम से मतदान केंद्रों पर निगरानी की जाएगी।

## मतदान प्रक्रिया 17 नवंबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक चलेगी...

**नर्मदापुरम.**मतदान 17 नवंबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान प्रक्रिया चलेगी। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि मतदान शुरू होने के डेढ़ घंटे पहले सुबह 5~30 बजे से मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। यह प्रक्रिया अभ्यर्थी या उसके अधिकृत एजेन्ट की उपस्थिति में होगी।

यदि कोई अभ्यर्थी या उसका एजेन्ट 5.30 बजे मतदान केन्द्र पर उपस्थित नहीं होता है, तो 15 मिनट तक उसका इंतजार किया जाएगा। इसके बाद मतदान दलों और अन्य सदस्यों की उपस्थिति में मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। न्यूनतम 50 वोट से मॉकपोल किये जाने का प्रावधान है, जिसमें नोटा भी शामिल होगा। मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ करने से पूर्व बैलेट यूनिट एवं वीवीपीएटी को वीवीपीएटी कम्पार्टमेंट में रखा जाएगा। कंट्रोल यूनिट को पीठासीन अधिकारी की टेबल या मतदान अधिकारी के टेबल पर रखना होगा।



### विधानसभा चुनाव : पहली बार सिरोंज में जनसभा को गृहमंत्री ने किया संबोधित

# अमित शाह ने पूछा- सिरोंज वालों बताओ अयोध्या में राम मंदिर होना चाहिए था कि नहीं

## आरोप- कांग्रेस कहती थी हम मंदिर वहीं बनाएंगे पर तिथि नहीं बताएंगे

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

इस विधानसभा चुनाव में पहली बार जिले में सिरोंज के बस स्टैंड पर रविवार को जनसभा करने आए गृहमंत्री अमित शाह अपने चिर परिचित अंदाज और तेवर के साथ नजर आए। कांग्रेस पर हमेशा की तरह हमले हमलावर होते हुए शान ने सिरोंज की जनता को कनेक्ट करते हुए गृहमंत्री अमित शाह बोले की पहले राहुल बाबा कहते थे, कि हम मंदिर वहीं बनाएंगे पर तिथि नहीं बताएंगे. अब मंदिर बन रहा है और तारीख भी तय है कि 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा मोदी जी के हाथों मंदिर में होगी. हम सबको उनके दर्शन के लिए अब जाना चाहिए कि नहीं। भीड़ से सहमति की आवाज आने के बाद उन्होंने कहा की चिंता मत कीजिए प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद प्रदेश के हर नागरिक को बारी-बारी से अयोध्या दर्शन ले जाने की व्यवस्था भी सरकार करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस परिवार मोह से घिरी पार्टी है। कमलनाथ को नकुलनाथ, दिग्विजय सिंह को अपने बेटे को सीएम और सोनिया राहुल को प्रधानमंत्री बनाना है। देश और राज्य के लिए कुछ करने का उनका कोई इरादा नहीं है। उन्होंने उन्होंने मोदी को मजबूत बनाने के लिए प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने की बात कही शांति कांग्रेस पर तंज किया कि वे पांच गारंटी दे रहे हैं, उनकी खुद की कोई गारंटी नहीं है।

कांग्रेस शासन के 10 साल का जिक्र करते हुए गृहमंत्री ने कहा कि मिस्टर बंटाधार ने 10 साल में क्या किया और मोनी बाबा मनमोहन सिंह की सरकार ने 10 साल में प्रदेश के लिए क्या किया यह कांग्रेस को बताना चाहिए। शाह ने कहा कि बंटाधार के शासन में 10 साल में प्रदेश का बजट 2 लाख 23000 करोड़ था। मोदी जी ने इसे बढ़ाकर 6 लाख 35 हजार करोड़ पर कर दिया है। इसी तरह कांग्रेस के गरीबी हटाओ के नारे और योजनाओं पर भी उन्होंने कटाक्ष किया।

### '22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा मोदीजी के हाथों होगी'




**महामाई मदन मोहन सरकार और मंशापूर्ण हनुमान को किया याद:** गृहमंत्री ने गृहमंत्री ने भाषण की शुरुआत करते हुए माता महामाई मदन मोहन सरकार और मनसा पूरण हनुमान को नमन करते हुए कहा कि सिरोंज की धरती पर मैं आपके बीच भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा को जीतने और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने की प्रार्थना करने आया हूं। मुझे विश्वास है यहां से मुझे भरपूर समर्थन मिलेगा।

### पुलिस को रोका, पंडाल के बाहर खड़ी जनता को मंच के पास बुलाया

जनसभा के पंडाल में कुर्सियां भर जाने के बाद हजारों लोग नगर पालिका, भवन मंडी और तालाब किनारे से खड़े दिखाई दे रहे थे। पुलिस ने इन्हें सभा स्थल से 50-50 मीटर दूर ही बेरिकेट लगाकर रोक दिया था। शाह ने मंच पर आते ही बिना किसी स्वागत सत्कार के माइक थामा। पुलिस को निर्देश दिए की जनता को रोक मत और जनता से कहा कि सीधे मेरे पास मंच तक आ जाइए। इसके बाद बेरिकेट हटाए गए और सैकड़ो लोग सुरक्षा घेरे के पास तक आकर उन्हें सुनने लगे। 27 मिनट 40 सेकंड के भाषण के बाद शाह सीधे अगली सभा के लिए चाचौड़ा रवाना हो गए।

### कांग्रेस प्रत्याशी का ग्रामीण क्षेत्रों में जोरदार हो रहा है स्वागत, मतदाताओं में भी उमंग



विधानसभा चुनाव में मतदाताओं के पास पहुंचकर अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी गगनेंद्र रघुवंशी सुबह 9 बजे से ही क्षेत्र में मतदाताओं के बीच में पहुंच जाते हैं। देर रात्रि तक मतदाताओं के घर-घर पहुंचकर अपने लिए आशीर्वाद मांग रहे हैं। वहीं मतदाताओं में भी इस बार उत्साह देखने को मिल रहा है । जिन ग्रामों में कांग्रेस उम्मीदवार पहुंच रहा है वहां पर ग्रामीणों के द्वारा भी इनका ढोल ताशे आतिशबाजी के साथ कई जगह फूल माला तो कहीं पर शाल श्रीफल व स्वप बांधकर इनका स्वागत किया जा रहा हैं। सोमवार को तिलोनी सहित दो दर्जन ग्रामों में गगनेंद्र रघुवंशी ने मतदाताओं के घर-घर पहुंचकर विधानसभा चुनाव में अपने लिए मतदाताओं से आशीर्वाद मांगते हुए कहा कि मैं आपका चरण सेवक हूं हमेशा आप लोगों के बीच में रहकर विधानसभा क्षेत्र के एक-एक मतदाता के मान सम्मान के लिए पूरी तन मन धन से काम करूंगा क्षेत्र का विकास करना ही मेरी प्राथमिकता होगी कभी भी किसी भी किसी को मेरे दरवाजे पर खड़े होने की जरूरत नहीं पड़ेगी में आप लोगों के बीच जाकर आपकी बात सुनूंगा अधिकारी कर्मचारी भी परेशान नहीं करेंगे जनता के सेवक हैं और वहां भी जनता के सेवक के रूप में काम करेंगे भ्रष्टाचार पूरी तरह से बंद कर आएंगे। क्षेत्र लोगों को भी इनका नगर से लेकर ग्रामीणों अंचलों में मतदाताओं के द्वार जोर स्वागत किया जा रहा है। इनकी पत्नी जिला पंचायत सदस्य पार्वती रघुवंशी भी सुबह से ही ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं के बीच पहुंचकर अपने पति के पक्ष में मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रही है। ग्रामीणों के द्वारा इनका भी स्वागत किया जा रहा है। इनकी वेटिया और बेटा भी पापा को चुनाव जितने के लिए सुबह से लेकर देर रात तक मतदाताओं के बीच पहुंचकर संपर्क कर रहे हैं।

## शाह की सभा में भीड़ जुटाने बांटे जा रहे थे दो-दो सौ रुपए? वीडियो हुआ वायरल तो कांग्रेस ने की शिकायत



**सिरोंज।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवारों उमाकांत शर्मा के लिए सभा को संबोधित करने के लिए आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सभा में भीड़ जुटाने के लिए कथित तौर पर पैसे बांटने का वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें भाजपा प्रत्याशियों उमाकांत शर्मा के समर्थक पवन शर्मा, सतीश जैन, साजिद खान आदि के द्वारा बीच सड़क पर 200-200 बांटने का वीडियो वायरल हुआ है। यह वीडियो रुसिया के टपरो का बताया जा रहा है। जिसके बाद कांग्रेस प्रत्याशी के निर्वाचन अधिकारी हर्षल चौधरी से शिकायत करते हुए कहा कि रूसिया के आगे टपरो पर खुलेआम दो-दो सौ रुपए बांटने का काम भाजपा प्रत्याशियों के समर्थक पवन शर्मा आदि के द्वारा सड़क पर खड़े होकर मतदाताओं को प्रभावित करने पैसे दिए गए जो निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के विपरीत है और दंडनीय अपराध भी है ।इसीलिए वक्त मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए भाजपा प्रत्याशियों उमाकांत शर्मा ओर जिनके समर्थकों पर आचार संहिता उल्लंघन करने की कार्रवाई जाऐ।

## गिरधारी जी मंदिर पर हुआ अन्नकूट



सिरोंज। नगर के प्राचीन मंदिर गिरधरी पर हुआ अन्नकूट का आयोजन। भगवान को अन्नकूट का भोग लगाया। इसके बाद आरती हुई फिर प्रसादी का वितरण किया गया।

## जनजातीय संग्रहालय में चित्रकारों की चित्र प्रदर्शनी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शहर में कलात्मक, सांस्कृतिक, सामाजिक, खेल, धार्मिक आदि गतिविधियों का सिलसिला चलता रहता है। मानव संग्रहालय के अंतरंग भवन वीथि संकुल में माह नवंबर के प्रादर्श के रूप में इंडोनेशिया में छाया रंगमंच के सबसे पुराने और लोकप्रिय कला को शामिल किया है। इस प्रादर्श का संयोजन संग्रहालय एसोसिएट डा. पी अनुराधा द्वारा किया गया। बच्चों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने और उनके युवा मन में जिज्ञासा और वैज्ञानिक स्वभाव की भावना जगाने के उद्देश्य से आंचलिक विज्ञान केंद्र बच्चों के लिए कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित कर बाल दिवस मनाएगा। कार्यक्रम के एक भाग के रूप में प्राथमिक स्तर के स्कूली बच्चों के लिए डायनासोर क्ले माडलिंग कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रतिभागियों को केंद्र द्वारा प्रदान की गई आवश्यक सामग्री के साथ डायनासोर के स्केल-डाउन माडल विकसित करने के लिए निर्देशित किया जाएगा। इसके बाद विज्ञान विषय पर आधारित मेक एंड टेक कार्यशाला होगी। बच्चों द्वारा बनाए गए डायनासोर माडल और विज्ञान खिलौने कार्यक्रम के संपन्न होने पर प्रतिभागियों को स्थायी रूप से दे दिए जाएंगे। मप्र जनजातीय संग्रहालय द्वारा प्रदेश के जनजातीय चित्रकारों को चित्र प्रदर्शनी और चित्रों की बिक्री के लिये सार्थक मंच उपलब्ध कराने की दृष्टि से प्रतिमाह लिखंदरा प्रदर्शनी दीर्घा में किसी एक जनजातीय चित्रकार की प्रदर्शनी सह विक्रय का संयोजन शलाका नाम से किया जाता है। इसी क्रम में भील समुदाय के चित्रकार दिलीप गणावा के चित्रों की प्रदर्शनी सह-विक्रय का संयोजन किया गया है। 43वीं शलाका चित्र प्रदर्शनी 30 नवंबर तक जारी निरंतर रहेगी।

**मेट्रो एंकर**

### दीपावली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया

# चारों ओर दीपोत्सव की धूम, दूधिया रोशनी से नहाया शहर, जमकर हुई आतिशबाजी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

दीपावली का त्योहार नगर से लेकर ग्रामीण अंचल में बड़ी हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया विधि विधान से महालक्ष्मी जी की पूजा अर्चना अर्चना के बाद एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं देने के लिए लोक बाजार में देर रात तक पहुंचे इसके कारण भारी चहल-पहल देखने को मिली वहीं बच्चों के द्वारा आतिशबाजी के पटाखे फोड़ कर दीपावली की खुशियां मनाई घरों को रंगोलिया और दीपों से सजाया गया था। जिसके चलते घरों का दृश्य देखते ही बन रहा था रंग बिरंगी रोशनी वाली झिलमिलों से इनको सजाया गया था रात में यहां का नजारा भी देखते ही बन रहा 6 से दीपावली पर पूजन का मुहूर्त प्रारंभ हुआ तो जो देर रात तक चलता रहा सभी ने अपने-अपने समय के हिसाब से मां लक्ष्मी जी की पूजा अर्चना की घरों और दुकानों पर भी विधि विधान से पूजा अर्चना कराई गई। इसके बाद मिठाई खिलाकर एक दूसरे को दीपावली की बधाई देने का दौर भी देर रात तक चलता रहा इसके बाद सुंदर आशिक बाजी का नजारा भी हर घर के बाहर देखने को मिला इसी तरह ग्रामीण अंचलों में भी दीपावली का त्यौहार बड़ी ही उत्साह उमंग साथ मनाया गया गौ माता की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई । इसके बाद महालक्ष्मी जी की पूजन हुई यहां भी आतिशबाजी का सुंदर नजारा देखने को मिला अगले दिन गौ माता को रंग-बिरंगे कलर से सजाया गया था फिर इनके सामने बच्चों के द्वारा आतिशबाजी। पिछले कई दिनों से दीपावली की तैयारियां जोर-जोर से चल रही थी साफ सफाई के बाद घरों को सजाया गया था। इसके अलावा दीपावली का पर्व मिठाई के लिए प्रसिद्ध है जिसके कारण शहर में जगह-जगह विभिन्न स्थानों पर एक सवाल कर एक मिठाई की दुकानें सजी हुई थी जहां पर मिठाई खरीदने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही ग्राहकों को लुभाने के लिए 200 से लेकर 800 तक की मिठाई उपलब्ध थी।







## भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला सेमीफाइनल कल

# वर्ल्ड कप की ट्रॉफी जीतने के लिए बदलना होगा इतिहास

**मुंबई, एजेंसी**

इस बार वनडे वर्ल्ड कप के लीग मैच राउंड रॉबिन फॉर्मेट में खेले गए। राउंड रॉबिन फॉर्मेट में सभी टीमें लीग स्टेज में एक-दूसरे से टकराती है और प्वॉइंट्स टेबल में टॉप की चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचती हैं। ये वर्ल्ड कप के इतिहास में तीसरा मौका था जब लीग मैच राउंड रॉबिन फॉर्मेट में खेले गए। लेकिन क्रिकेट के इतिहास में अभी तक राउंड रॉबिन फॉर्मेट में टॉप पर रहने के बाद खिताब नहीं जीता है। इस बार भारत पहले नंबर पर रहा है, ऐसे में उसे चैंपियन बनना है तो इस इतिहास को बदलना होगा। वनडे वर्ल्ड कप का पहला सेमीफाइनल 15 नवंबर को भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। अपने आखिरी लीग मैच में शानदार 160 रनों की जीत हासिल करने के बाद टीम इंडिया मुंबई पहुंच गई। न्यूजीलैंड की टीम पहले ही मुंबई पहुंच चुकी थी। भारतीय टीम ने लीग स्टेज में अपने सभी मुकाबलों में जीत हासिल करने के साथ अब तक टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन दिखाया है। हालांकि न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले इस नॉकआउट मैच का दबाव बिल्कुल ही अलग रहने वाला है। इसी वजह से भारतीय खिलाड़ियों ने मुंबई पहुंचने के बाद आराम किया तो कोच राहुल कोचिंग स्टाफ के साथ सीधे वानखेड़े स्टेडियम पहुंचे।




### द्रविड़ ने किया पिच मुआयना

न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले सेमीफाइनल मैच को लेकर सभी की नजरें पिच पर भी टिकी हुई हैं। कोच राहुल द्रविड़ ने मुंबई पहुंचने के बाद वानखेड़े स्टेडियम पहुंचे जहां उनके साथ गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे और फील्डिंग कोच टी दिलीप भी साथ थे। इन सभी ने जिस पिच पर सेमीफाइनल मुकाबला खेला जाना है उसका मुआयना किया। बता दें कि भारतीय टीम ने लीग स्टेज के दौरान मुंबई के मैदान पर श्रीलंका के खिलाफ मुकाबला खेला था, इस मैच में बल्लेबाजों के साथ गेंदबाजों का भी शानदार प्रदर्शन देखने को मिला था।

### न्यूजीलैंड ने किया अभ्यास

भारत के खिलाफ होने वाले सेमीफाइनल मैच की अहमियत को समझते हुए न्यूजीलैंड की टीम कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। कीवी टीम ने वानखेड़े स्टेडियम में जमकर अभ्यास किया, जिसमें रचिन रवींद्र ने सबसे ज्यादा नेट्स पर बल्लेबाजी करते हुए समय बिताया। उनके अलावा कीवी कप्तान केन विलियमसन और डेरिल मिशेल ने भी नेट्स पर बल्लेबाजी का अभ्यास किया। न्यूजीलैंड की टीम को लीग स्टेज के दौरान भारत के खिलाफ मुकाबले में 4 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था।

### चैंपियन बनना नहीं होगा आसान

वनडे वर्ल्ड कप राउंड रॉबिन फॉर्मेट में पहली बार 1992 में खेला गया था। इस वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड की टीम प्वॉइंट्स टेबल में टॉप पर रही थी, लेकिन वह सेमीफाइनल मैच हार गई थी और टूर्नामेंट से बाहर हो गई थी। वहीं, 2019 वर्ल्ड कप भी राउंड रॉबिन फॉर्मेट में ही खेला गया था। इस वर्ल्ड कप में भारतीय टीम प्वॉइंट्स टेबल में टॉप पर रही थी। लेकिन टीम इंडिया भी सेमीफाइनल में हारकर बाहर हो गई थी। टीम इंडिया को सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के हाथों ही हार का सामना करना पड़ा था। इस बार भी भारत के सामने न्यूजीलैंड ही होगी।

### भारत-न्यूजीलैंड हेड टू हेड रिकॉर्ड

भारत और न्यूजीलैंड के बीच अब तक वनडे इंटरनेशनल में कुल 117 मैच खेले हैं। इसमें से भारत ने 59 और न्यूजीलैंड ने 50 मैच जीते हैं। सात मैचों का कोई नतीजा नहीं निकला, जबकि एक मैच टाई रहा है। वहीं, वनडे वर्ल्ड कप में दोनों टीमों के बीच 10 मुकाबले हुए हैं। इसमें से कीवी टीम ने 5 और भारत ने 4 मैचों में जीत हासिल की है।

### ■ नॉकआउट मैचों में कीवी का पलड़ा भारी

भारत-न्यूजीलैंड के बीच आईसीसी के नॉकआउट मैचों में तीन बार आमना-सामना हुआ है। इन सभी मैचों में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा था। दोनों टीमों के बीच पहला मुकाबला आईसीसी नॉकआउट मैच 2000 चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल था जब स्टीफन फ्लेमिंग की अगुवाई वाली टीम ने भारत को चार विकेट से हराया था। इसके बाद 2019 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में दोनों टीमें एक-दूसरे से भिड़ीं थी, ये मैच कीवी टीम के नाम रहा था। वहीं, 2021 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मैच भी इन दोनों टीमों के बीच ही हुआ था। इस मैच में भारत को हार का सामना करना पड़ा था।

### ■ 2019 में हारे थे...

2019 में वनडे वर्ल्ड कप में दोनों टीमों के बीच अभी तक 10 मैच खेले गए हैं। इसमें से न्यूजीलैंड की टीम ने 5 और भारत ने 4 मैचों में जीत हासिल की है। वर्ल्ड कप के दौरान दोनों टीमों के बीच एक मैच बारिश में धुल गया है। इस साल भी लीग स्टेज में दोनों टीमें सामने-सामने आईं थीं। इस बार भारतीय खिलाड़ी कीवी टीम को हराने में कामयाब रहे थे।

### ■ भारतीय सरजमीं पर किसका पलड़ा भारी?

भारतीय सरजमीं पर टीम इंडिया न्यूजीलैंड की टीम पर भारी रही है। भारत में अभी तक 39 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से भारत ने 30 मैच जीत हैं। वहीं, कीवी टीम सिर्फ 8 मैच ही जीत सकी है और एक मैच का कोई नतीजा नहीं निकला था। दोनों टीमों के बीच अब तक वनडे में 117 मैच हुए इसमें से भारत ने 59 और न्यूजीलैंड ने 50 मैच जीते हैं।

# रोहित शर्मा ने विश्व कप में रचा इतिहास, तोड़ डाला डिविलियर्स का रिकॉर्ड



**नईदिल्ली, एजेंसी**

विश्व कप 2023 के आखिली लीग मैच में भारत का सामना नीदरलैंड्स से हुआ। इस मैच में रोहित शर्मा ने एक बड़ा विश्व रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया। उन्होंने डच गेंदबाज कॉलिन एकरमैन के ओवर की चौथी गेंद पर छक्का लगाया। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का एक कैलेंडर ईयर मे सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड तोड़ था। एबी के नाम एक साल में 58 छक्के दर्ज थे, जबकि हिटमैन ने इस मैच से पहले 58 छक्के लगाए थे। इसके साथ ही वनडे विश्व कप में किसी कप्तान द्वारा लगाए गए सबसे अधिक छक्के का रिकॉर्ड टूट गया। रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन के 22 सिक्सर को पीछे छोड़ दिया। मोर्गन ने 2019 में यह कारनामा किया था। तब उनकी कप्तानी में इंग्लैंड ने वर्ल्ड कप अपने नाम किया था। अब भारतीय कप्तान ने उस रिकॉर्ड को पीछे कर दिया है।

# स्टार्क बोले, वनडे और टी-20 क्रिकेट सिर्फ बल्लेबाजों का

**नईदिल्ली, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया टीम के फास्ट बॉलर मिचेल स्टार्क ने वनडे क्रिकेट में दो नई बॉल के इस्तेमाल पर असहमती जताई है। स्टार्क का कहना है कि, भारत के मैदान काफी छोटे हैं, विकेट सपाट हैं, ऐसे में पुरानी बॉल से रिवर्स स्विंग मिलता है और बॉलर्स को वापसी करने में मदद मिलती हैं। वनडे क्रिकेट में एक ही बॉल का इस्तेमाल होना चाहिए। स्टार्क ने कहा, मैं अब भी सोचता हूं कि एक ही नई गेंद होनी चाहिए, दो नहीं। इससे बॉल ज्यादा समय तक सख्त रहती है। जैसा कि हमने यहां भारत में इस वर्ल्ड कप में देखा, यहां मैदान काफी छोटे हैं और विकेट सपाट हैं। अगर आप पुराने फुटेज देखें तो पता चलेगा कि, एक गेंद से गेंदबाजी पर रिवर्स स्विंग बहुत ज्यादा आती है। यह वास्तव में गेंदबाजों को गेम में वापसी दिलाता है, और मुझे लगता कि वनडे क्रिकेट और टी20 भी बल्लेबाजों का खेल बन कर रह गया है, जिसमें गेंदबाजो को बस रन नहीं लुटाने है। वनडे क्रिकेट में पहले एक इनिंग में एक ही बॉल का इस्तेमाल किया जाता था। 2011 में नियम में बदलाव किया गया और एक इनिंग्स में एक ही गेंद का इस्तेमाल होने लगा। सचिन तेंदुलकर ने जून 2018 में कहा था कि, 2 नई गेंद से रिवर्स स्विंग नहीं मिलता जो कि पहले डेथ ओवरों में तेज गेंदबाजों का सबसे बड़ा हथियार था। अक्टूबर 2010 में डेब्यू करने वाले स्टार्क ने एक बॉल से केवल दो ही वनडे मैच खेले।

## विश्व कप में पाकिस्तान का खराब प्रदर्शन, 9 में से सिर्फ 4 जीते

# बाबर पर लटकी तलवार, साथी खिलाड़ी भी चाहते हैं छोड़ दें कप्तानी!

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान क्रिकेट टीम विश्व कप क्रिकेट से बाहर हो गई है। बाबर आजम की कप्तानी वाली टीम अपने 9 में से सिर्फ चार मैच जीत पाई। आखिरी लीग मुकाबले में इंग्लैंड से 93 रनों से हार का मुंह देखने पड़ा। इससे जुड़ी खबर यह है कि पाकिस्तान टीम के अन्य खिलाड़ियों ने बाबर आजम को कप्तानी से इस्तीफा नहीं देने की सलाह दी है। इन खिलाड़ियों का मानना है कि बाबर आजम की कप्तानी में टीम में पूरी कोशिश की। पीटीआई के अनुसार, बाबर पहले ही अपने साथियों से बात कर चुके हैं और उनमें से अधिकांश ने बाबर को खुद पद नहीं छोड़ने की सलाह दी है। इसका मतलब है कि बाबर पाकिस्तान जाकर क्रिकेट बोर्ड के सामने पेश होंगे। यदि बोर्ड टीम के खराब प्रदर्शन पर स्पष्टीकरण मांगता है तो बाबर अपना पक्ष रखेंगे। माना जाता है कि बाबर आजम की टीम में मजबूत पकड़ है और इमाम उल हक, शादाब खान, शाहीन शाह अफरीदी, हारिस रऊफ और हसन अली जैसे खिलाड़ी पूरी तरह अपने कप्तान के साथ खड़े हैं। पिछले साल भी जब बाबर आजम को टेस्ट कप्तानी से हटाने की बातें सोशल मीडिया पर जोर पकड़ रही थीं, तब कुछ खिलाड़ियों ने हैशटैग सोचना भी मना है के साथ एकजुटता दिखाई थी। विश्व कप के बाद पाकिस्तान टीम को ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड का दौरा करना है।



ऐसे में बाबर के कप्तान बने रहने की संभावना है जब तक कि चयनकर्ताओं या पीसीबी द्वारा पद छोड़ने के लिए नहीं कहा जाता। बोर्ड करेगा फैसला बाबर आजम के करीबियों का मानना है कि उन्हें कप्तान बने रहना चाहिए या नहीं, इसका फैसला संभवत: जका अशरफ की अध्यक्षता वाले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड पर छोड़ देंगे।

# वीरेंद्र सहवाग-डायना एडुल्जी आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल

**मुंबई, एजेंसी**

भारत के पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग, पूर्व महिला क्रिकेटर डायना एडुल्जी और श्रीलंका के पूर्व खिलाड़ी अरविंद डी सिल्वा को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। सहवाग ने अक्टूबर 2015 में संन्यास लिया था। सहवाग ने टेस्ट में 8586 और वनडे में 8273 रन बनाए हैं। सर डॉन ब्रेडमैन और ब्रायन लारा के बाद सहवाग दुनिया के तीसरे ऐसे बैट्समैन हैं, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में दो बार ट्रिपल सेंचुरी बनाने का रिकॉर्ड बनाया। टेस्ट में उनके 23 और वनडे में 15 शतक हैं। सहवाग 2011 में वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे। 67 साल की एडुल्जी ने 1976 से 1993 के बीच 34 वनडे और 20 टेस्ट विकेट खेले। वो टेस्ट में 63 और वनडे में 46 विकेट लिए। वहीं टेस्ट में 404 रन और वनडे में 211 रन उनके नाम है। अरविंद डी सिल्वा ने 2003 में संन्यास लिया था। उन्होंने टेस्ट में 6361 और वनडे में 9284 रन बनाए हैं। अरविंद ने पहला टेस्ट इंग्लैंड के खिलाफ 1984 और आखिरी टेस्ट 2002 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था।



## मेट्रो बाजार

# नियम का पालन नहीं किया तो कार कंपनियों पर लगेगा जुर्माना

**मुंबई, एजेंसी**

सरकार ने हुंडई, किआ, होंडा कार्स, रेनो, स्कोडा ऑटो, वोक्सवैगन इंडिया और निसान सहित अन्य कार मैन्युफैक्चर को मैनडेटरी एमिशन नॉर्म्स का पालन नहीं करने का दोषी पाया है। ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी ने एमिशन नॉर्म्स का सही से पालन नहीं करने के लिए कार मैन्युफैक्चर कंपनियों पर सैकड़ों करोड़ रुपए का जुर्माना लगाने की सिफारिश की है। टाइम्स ऑफ इंडिया ने अपनी एक रिपोर्ट में इसके बारे में जानकारी दी है। बीईई ने मैन्युफैक्चर कंपनियों से कार में तुरंत सुधार करने की सिफारिश की है। इसके साथ ही ऐसे व्हीकल बनाने के लिए कहा है, जो कम पॉल्युशन फैलाए और ग्रीन एनर्जी का इस्तेमाल करें। बीईई ने मैनडेटरी एमिशन नॉर्म्स का पालन नहीं करने को लेकर ऐसे समय में जुर्माना लगाने की सिफारिश की है, जब दिल्ली, मुंबई, पंजाब और हरियाणा सहित कई अन्य शहर खतरनाक प्रदूषण स्तर से जूझ रहे हैं। राज्य व केंद्र से इसे कम करने के लिए उपाय करने और साथ ही जुर्माना लगाने के लिए कहा है। एनर्जी कंजर्वेशन अमेंडमेंट 2022 के अनुसार, नॉर्म्स से अधिक कार्बन उत्सर्जन कार बनाने वाली किसी भी कंपनी को भारी जुर्माने का सामना करना पड़ेगा।


# एथर का नया इलेक्ट्रिक स्कूटर ट्रांसपेरेंट होगा लॉन्च

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बनाने वाली भारतीय कंपनी एथर एनर्जी अपने पोर्टफोलियो को बढ़ाने पर काम कर रही है। बेंगलुरु स्थित ईवी स्टार्टअप जल्द ही इंडियन मार्केट में ट्रांसपेरेंट पैनल के साथ इलेक्ट्रिक स्कूटर लाने वाली है। कंपनी की थर्ड जनरेशन ईवी एथर 450 एक्स पर बेस्ड हो सकती है। इसे सीरीज-2 का नाम दिया जा रहा है। इसकी खास बात ये है कि स्कूटर के अंदर के एलिमेंट को भी देखा जा सकेगा। ये स्कूटर भारत में ओला, बजाज और टीवीएस जैसी कंपनियों की इलेक्ट्रिक टू-व्हीलरों को टक्कर देगी। एथर एनर्जी के सीईओ और को-फाउंडर तरुण मेहता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपकमिंग इलेक्ट्रिक स्कूटर की वर्चुअल इमेज शेयर की हैं। इसमें उन्होंने लिखा कि, %ट्रांसपेरेंट पैनल वापस आएगा, भगवान की कृपा से, यह सिर्फ पारदर्शी नहीं होगा।% हालांकि, कंपनी की ओर से स्कूटर से संबंधित हार्डवेयर, डिजाइन, बैटरी और फीचर्स के बारे में जानकारी शेयर नहीं की गई हैं।

## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

# दीवाली सेलिब्रेशन पर सितारों का मेला

हर साल दिवाली पार्टी की खूब चर्चा होती है। चाहे वो मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी हो या एकता कपूर की। रमेश तौरानी से लेकर कई बड़े प्रोड्यूसर्स, फैशन डिजाइनर और एक्टर्स अपने घर पर दिवाली पार्टी रखते हैं। इस बार मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी में शिल्पा शेट्टी, करिश्मा कपूर, कियारा आडवाणी, सिद्धार्थ मलोहत्रा इसके अलावा ऐश्वर्या राय बच्चन हमेशा की तरह सिंपल लुक में नजर आईं। इस दिवाली दिशा पाटनी का साड़ी लुक भी काफी चर्चा में रहा।







# विराट-अनुष्का के घर फिर खुशखबरी!



बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा इन दिनों प्रेग्नेंसी की खबरों के चलते सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच अब उन्हें बेबी बंप के साथ दिवाली पार्टी में स्पॉट किया गया है। अनुष्काने पार्टी से निकलते हुए दुपट्टे से बेबी बंप छिपाने की कोशिश की, हालांकि वो इसे छिपाने में नाकाम रहीं। दिवाली की शाम टीम इंडिया की दिवाली पार्टी रखी गई थी, जिसमें इंडियन क्रिकेट टीम के मौजूदा और पूर्व क्रिकेटर्स अपने परिवार के साथ पहुंचे थे। पार्टी में अनुष्का शर्मा विराट कोहली के साथ पहुंची थीं। पार्टी के लिए अनुष्का ने गुलाबी और पर्पल सलवार सूट पहना था। पार्टी से निकलते हुए जब उन्हें पैपराजी ने स्पॉट किया तो वो अपने पर्पल दुपट्टे से पेट छिपाती हुई नजर आईं। हालांकि छिपाने के बावजूद उनका बेबी बंप नजर आ गया। अनुष्का ने ट्रेडिशनल लुक को खुले बालों व जूती के साथ कंप्लीट किया था।

### कुछ दिनों पहले बिगड़ी थी तबीयत

अक्टूबर में खबर थी कि विराट कोहली एशिया कप में नीदरलैंड से होने वाले एक वॉर्मअप मैच के बीच इमरजेंसी मेडिकल रीजन के चलते मुंबई गए थे। इसी बीच खबरें थीं कि अनुष्का की तबीयत बिगड़ने पर विराट मैच छोड़कर लौटे थे। हालांकि मेडिकल रीजन क्या था, इसकी जानकारी नहीं आई है। कुछ हफ्तों पहले विराट और अनुष्का को मुंबई के एक क्लीनिक के बाहर स्पॉट किया गया था।

# तनीषा बोलीं- मेहनत नहीं की इसलिए मौके नहीं मिले

तनीषा मुखर्जी इन दिनों डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा में नजर आ रही हैं। तनीषा ने कहा कि उनके करियर को री-स्टार्ट करने का यह बड़ा मौका है। तनीषा के मुताबिक, इस रियलिटी शो में चांस मिलना भगवान का दिया गिफ्ट समान है। तनीषा ने कहा कि खतरों के खिलाड़ी करने के बाद उनके पास अच्छे मौके नहीं आए। तनीषा ने आगे कहा- मुझे हमेशा से यही लगता है कि आप जितना करेंगे, उतना ही मिलेगा। हो सकता है कि मैंने अपने काम के ऊपर मेहनत न की हो। हालांकि आप देखिए, मुझे ऐसे मौके मिले जो शायद किसी और को नहीं मिले होंगे। इसलिए मैं इन चीजों को लेकर नाराज नहीं होती हूं।

### मेरे पास कुछ नहीं था, फिर झलक का ऑफर आया

तनीषा मुखर्जी ने कहा- मैं रियलिटी शो में दोबारा काम करने को लेकर संकोच में थी। क्योंकि पिछली बार खतरों के खिलाड़ी करने के बाद मुझे अच्छे मौके नहीं मिले। मेरे पास कुछ काम नहीं था, फिर मेरे पास झलक दिखला जा का ऑफर आया। मुझे लगा कि ये मेरे लिए भगवान का दिया गिफ्ट है। शो के लिए जब सब कुछ फाइनल हो रहा था, उस वक्त मैं केदारनाथ में थी। मैंने इसे एक संकेत के तौर पर लिया। मैंने कहा कि अब जो होगा देखा जाएगा।



### फिलहाल कोई ऑफर नहीं

तनीषा ने कहा कि उनके पास फिलहाल किसी भी फिल्म या सीरीज का ऑफर नहीं है। तनीषा ने कहा- मैं काफी दिनों से लोगों की नजरों से दूर हूं, शायद इस वजह से मेरे पास कोई ऑफर नहीं है। हालांकि अब झलक में देखने के बाद हो सकता है कि लोगों का ध्यान मेरे ऊपर जाए। मैं आने वाले वक्त में एक बंगाली फिल्म करना चाहती हूं।

## डंडे से सिर व कनपटी पर किए वार, बाइक से गिरते ही ले उड़े फोन

# औद्योगिक क्षेत्र में लेथ मशीन संचालक पर हमला, मोबाइल लूट ले गए बदमाश

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में पांच दिन पहले मोटरसाइकिल पर जा रहे लेथ मशीन संचालक पर अंधेरे में घात लगाकर खड़े तीन बदमाशों ने चाकू व डंडे से हमला कर दिया। सिर व कनपटी पर डंडे का वार लगते ही वह मोटरसाइकिल समेत नीचे गिर गए। उनके नीचे गिरते ही बदमाश जमीन पर गिरा मोबाइल उठाकर फरार हो गए। शिकायत दर्ज कराने वह अशोक गार्डन थाने पहुंचे, लेकिन पुलिस ने लूट का प्रकरण दर्ज करने की बजाए पीड़ित से मोबाइल गुम होने का आवेदन लिखाकर चलता कर दिया।**



जानकारी के मुताबिक सुंदर नगर अशोका गार्डन निवासी सुरेश पटेल (53) की सुभाष कॉलोनी में लेथ मशीन की दुकान है। विगत नौ नवंबर की शाम करीब साढ़े सात बजे वह मोटरसाइकिल पर सवार होकर जेके रोड से स्टील फर्नीचर फैक्ट्री होते हुए अग्रवाल पावर चौराहे की ओर आ रहे थे। इस बीच रास्ते में कच्चे, सूने व अंधेरे रास्ते में मोटरसाइकिल की रोशनी में उन्हें तीन लोग खड़े दिखाई दिए। उनमें से एक युवक के हाथ में चाकू लहरा रहा था जबकि दूसरे युवक के हाथ में डंडा था। बदमाशों ने उन्हें हाथ का इशारे से रोकने का प्रयास किया। मामले को भांपते हुए सुरेश पटेल ने हाथ का धक्का देकर चाकू थामे युवक को गिरा दिया, लेकिन तब तक दूसरे युवक ने डंड से उनके सिर के पीछे वार कर दिया। दूसरा वार कनपटी पर किया और तीसरा वार भी सिर पर किया। डंडा तीसरा वार सुरेश ने बाएं हाथ से रोक लिया, जिससे उनका हाथ भी बुरी तरह जख्मी हो गया। हमला होते ही कुछ पलों के लिए सुरेश पटेल की आंखों में अंधेरा छा गया और वह वाहन समेत नीचे गिर गए। इस बीच बदमाश उनका मोबाइल लेकर रफूचक्कर हो गए। मोबाइल की कीमत 29 हजार 500 रुपए बताई गई है।

### पुलिस ने दर्ज नहीं की रिपोर्ट, बोले- जब मोबाइल मिलेगा, सूचना दे देंगे

पीड़ित सुरेश पटेल ने बताया कि घटना के बाद वह किसी तरह अपनी जान बचाकर एमपीएल चौराहे पर पहुंचे और एक परिचित को घटना की जानकारी दी। दोनों दुबारा घटनास्थल गए लेकिन वहां कोई नहीं मिला। इसके बाद सुरेश पटेल रिपोर्ट दर्ज कराने अशोका गार्डन थाने पहुंचे। एक पुलिसकर्मी को घटनास्थल पर भेजा गया लेकिन वह भी खाली हाथ लौट आया। सुरेश पटेल का कहना है कि अगले दिन पुलिस ने लूट की रिपोर्ट दर्ज करने की बजाए मोबाइल गुम होने का आवेदन लिखाकर थाने से चलता कर दिया। पुलिस का कहना था कि जब मोबाइल मिलेगा, तब सूचना दे देंगे।

## कोचिंग से बंक मार दोस्त के साथ घूमने गई थी बालिका



### ऐशबाग पुलिस ने दो दिन बाद किया बरामद

भोपाल, दोपहर मेट्रो

ऐशबाग क्षेत्र से अगवा 13 साल की बालिका को पुलिस ने दो दिन बाद सकुशल दस्तयाब कर लिया है। कोचिंग से बंक मारकर आठवीं कक्षा की छात्रा नाबालिग दोस्त के साथ घूमने चली गई थी। बालिका को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस के मुताबिक विगत 10 नवंबर की दोपहर करीब तीन बजे आठवीं कक्षा में पढने् वाली 13 साल की बालिका कोचिंग गई थी। वापस नहीं लौटने पर परिजनों कोचिंग सेंटर जाकर जानकारी ली तो पता चला कि बालिका पेट दर्द का कहकर चली गई थी। लिहाजा परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। थाना प्रभारी आशीष सप्रे के नेतृत्व में टीम बनाकर खोजबीन शुरू की गई। विवेचना के दौरान आसपास के एक दर्जन से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चैक किए और उसके आधार पर विगत 12 नवंबर को बालिका को दस्तयाब कर लिया गया। पूछताछ करने पर बालिका ने बताया कि वह अपने दोस्त (नाबालिग) के साथ विदिशा, सागर व दमोह घूमने चली गई थी। पुलिस ने बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## पटाखे जलाने की बात को लेकर विवाद, युवक पर तलवार से जानलेवा हमला

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित राहुल नगर में कल दोपहर चार बदमाशों ने एक युवक पर तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। तलवार सिर में लगने से उसे गंभीर चोट आई है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। एएसआई शेषराम सहारे ने बताया कि राजकुमार पिता छोटेलाल (26) राहुल नगर, कमला नगर में रहता है और नारियल पानी की दुकान लगाता है। इसी इलाके में रहने वाले पवन, दीपू और सुमित सतीश से उसका दीवाली की रात पटाखे जलाने की बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद कुछ लोगों के हस्तक्षेप के बाद शांत हो गया, लेकिन आरोपी बदला लेने की ठान चुके थे। मंगलवार दोपहर आरोपियों ने राजकुमार को घर के पास घेर लिया और दीवाली की रात की बात को लेकर गालीगलोज करने लगे। राजकुमार ने आरोपियों को गाली देने से मना किया तो आरोपी भड़क गए और मारपीट करते हुए राजकुमार पर तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। तलवार सिर में लगने से राजकुमार को सिर में गंभीर चोट आई है। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने राजकुमार के बयान दर्ज करने के बाद आरोपी पवन, दीपू सुमित और सतीश के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस पवन और सुमित को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि सतीश और दीपू की तलाश की जा रही है।

## सब्जी व्यापारी का रेलवे ट्रैक पर मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

भोपाल, दोपहर मेट्रो



राजधानी के शारदा नगर रेलवे लाइन के पास एक सब्जी का व्यापार करने वाले व्यापारी का शव रेलवे ट्रैक पर मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब शव की जांच की तो पता चला कि मृतक सब्जी व्यापारी है और फिजा कॉलोनी का निवासी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार गौतम नगर थाना क्षेत्र में 30 वर्षीय रामस्वरूप सिंह पुत्र फूल सिंह फिजा कॉलोनी का रहने वाला था। वह सब्जी का व्यापार करता था। मृतक के परिजनों ने बताया कि रविवार को दीपावली के दिन किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच मामूली विवाद हुआ था। इससे नाराज होकर रामस्वरूप घर से निकल गया था। शारदा नगर रेलवे लाइन के पास एक व्यक्ति का शव मिला है। फिलहाल इस मामले में पुलिस जांच कर रही है। साथ ही सभी एंगल में जांच की जा रही है। मौके से अब तक पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। ऐसे में पुलिस का संदेह है कि ट्रेन से टकराने के कारण रामस्वरूप की मौत का अनुमान लगाया जा रहा है।

## आम नगर में नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

भोपाल, दोपहर मेट्रो



शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित आम नगर में बीती रात एक नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि उसका मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआड़था। हालांकि परिजन अभी दिमागी इलाज का कोई पर्चा पुलिस को नहीं दिखा सके हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एएसआई सुभाष गुर्जर ने बताया कि संतोषी अंजनी पति सावन अंजनी (22) मूलतः खंडवा की रहने वाली थी। कुछ समय पहले संतोषी और उसका पति अपने तीन साल के बच्चे के साथ भोपाल में शिफ्ट हो गए थे। भोपाल में संतोषी की बहन आम नगर में रहती है। संतोषी का पति मेहनत मजदूरी करता है। संतोषी और सावन की शादी वर्ष 2018 में हुई थी। बीती रात संतोषी ने अपने कमरे में फांसी लगा ली थी। उसे फांसी के फंदे पर लटका देख परिजन तत्काल एम्स लेकर पहुंचे थे। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद संतोषी को मृत घोषित कर दिया।

## 63 साल के बुजुर्ग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

भोपाल, दोपहर मेट्रो



पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित किरण नगर में सोमवार रात 63 साल के बुजुर्ग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि वह सूखा नसा करने के बाद आदी थे और परिवार के सदस्यों से उनकी आए दिन अनबन होती रहती थी। वह कहासुनी करते हुए अक्सर फांसी लगाकर जान देने की बात भी कहते थे। एएसआई रामराज बघेल ने बताया कि नवल किशोर सिंह (63) मूलतः बिहार के रहने वाले थे और प्राइवेट काम करते थे। उनके पिपलानी में निजामुद्दीन कॉलोनी के पास दो मकान है। किरण नगर में वह परिवार के साथ रहते थे, जबकि नीरजा नगर में उनका दूसरा मकान था और वह खाली था। नवल किशोर सिंह चिड़चिड़े स्वभाव के थे। परिजन ने बताया कि वह भांग खाते थे। उनका स्वभाव चिड़चिड़ा होने के कारण वह घर में अक्सर बच्चों से कहासुनी करते थे और कहते थे कि फांसी लगाकर जान दे दूंगा। मंगलवार रात भी उनकी बेटे से कहासुनी हुई थी। कहासुनी बड़ने पर वे किरण नगर से अपने दूसरे मकान नीरजा नगर पहुंचे और फांसी लगा ली। परिजन नीरजा नगर पहुंचे तो उन्होंने मकान का दरवाजा अंदर से बंद देखा था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह दरवाजा तोड़ा तो नवल किशोर फांसी के फंदे पर लटके मिले। उन्हें फांसी के फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी।

## आमने-सामने की भिड़ंत में बाइक चालक युवक की मौत

भोपाल, दोपहर मेट्रो

शहर के चेतक ब्रिज पर दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि विकास नगर गोविंदपुरा का रहने वाला अमन दुबे इलेक्ट्रॉनिक आइटम की डिलेवरी की फिटिंग का काम करता था। बताया जा रहा है कि एक्सीडेंट के बाद रॉन्ग साइड से आ रहा अज्ञात बाइक चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। बताया गया कि रविवार को चेतक ब्रिज के पास से जा रहा तभी एक अज्ञात बाइक चालक ने उसे सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से अमन गंभीर घायल हो गया। लोगों ने उसे तत्काल जेपी अस्पताल पहुंचा, लेकिन वहां से उसे हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया। जहां देर रात अमन की इलाज के दौरान मौत हो गई।




**इधर, एक्सीडेंट में युवक की मौतः** शहर के निशातपुरा थाना इलाके में रविवार और सोमवार की दरमियानी देर रात एक अज्ञात वाहन की टक्कर से किशोर की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि देवकी नगर ब्रिज के पास अर्जुन अहिरवार का एक्सीडेंट हो गया था। घायल हो निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है।

**मेट्रो एंकर** | टीटी नगर पुलिस ने अर्जुन नगर मल्टी के पास से दबोचा

## नर्मदापुरम के तस्कर से 10 किलो अवैध गांजा बरामद, दो नाबालिग समेत तीन गिरफ्तार

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**टीटी नगर पुलिस ने अर्जुन नगर मल्टी इलाके से अवैध मादक पदार्थ गांजे की तस्करी कर रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर 10 किलो गांजा बरामद किया है। आरोपियों में दो नाबालिग लडड़े शामिल हैं। बरामद गांजे की कीमत दो लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।**



पुलिस के मुताबिक विगत 12 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि अर्जुन नगर मल्टी के सामने तीन संदिग्ध थैले में गांजा बेचने के लिए ला रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत हरकत में आई और एक टीम को रवाना किया। अर्जुन नगर टीटी नगर मल्टी के पास मुखबिर के बताए हुलिए के तीन लोग खड़े दिखाई दिए। पुलिस को देखते ही तीनों ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने पीछा कर उन्हें दबोच लिया। तलाशी लेने पर एक युवक के पास थैले से छह किलो गांजा व उसके साथ मौजूद दो नाबालिग लड़कों के पास से दो-दो किलो गांजा बरामद हुआ। तीनों आरोपियों के कब्जे से कुल 10 किलो 149 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। मुख्य आरोपी का नाम देवेन्द्र मेसकर (26) बालागंज बीटीआई रोड नर्मदापुरम बताया गया है। पुलिस ने आरोपी देवेन्द्र व दो बाल अपचारियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आरोपी अवैध गांजा कहां से लेकर आए थे और किसे सप्लाई करने की तैयारी में थे।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022